सतना
11 जून 2024 मंगलवार
दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


पाकिस्तान 15...

# भाजपा आईटी सेल हेड मालवीय पर यौन शोषण का आरोप

### कांग्रेस बोली-5 स्टार होटलों में करते हैं उत्पीड़न



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सुप्रिया ने कहा- आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा नाम के एक व्यक्ति ने अमित पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शांतनु के मुताबिक, अमित महिलाओं को 5 स्टार होटल ले जाते हैं और उनका शोषण करते हैं।

यही नहीं, अमित ने बंगाल में बीजेपी ऑफिस में भी महिलाओं का यौन शोषण किया। शांतनु बंगाल में भाजपा के पदाधिकारी राहुल सिन्हा के रिश्तेदार हैं।

सुप्रिया ने आगे कहा- हम भाजपा से बंगाल में महिलाओं के लिए न्याय की मांग करते हैं; चाहे वह हाथरस हो, लखीमपुर हो, हमारे सबसे सम्मानित एथलीट हों या बिलकिस बानो हों, प्रधानमंत्री ने लगातार अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा को दो टूक, बोले-

# बेहतर संबंधों के लिए एक-दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देना जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। इन बधाई संदेशों में एक संदेश कनाडा की सरकार का भी है। कनाडा की सरकार ने



सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए बधाई देते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसे भारत पर तंज कहा जा सकता है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा की सरकार के संदेश का जवाब देते हुए उसी की भाषा में करारा जवाब दिया है।

**कनाडा ने परोक्ष रूप से कसा तंज-** दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए बधाई देते हुए लिखा कनाडा की सरकार, भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने के लिए तैयार है और ये संबंध मानवाधिकार, विविधता और कानून के शासन के आधार पर होने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

# सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

### 10 जुलाई को मतदान और 13 को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे।




**इन सीटों पर कराए जाएंगे उपचुनाव-** जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी, मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

# आंध्र प्रदेश के कुरनूल में टीडीपी नेता की हत्या

- बायएसआरसीपी कार्यकर्ताओं पर मर्डर का आरोप

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के बोम्मिरेड्डीपल्ले गांव में टीडीपी नेता गौरीनाथ चौधरी की हत्या की गई है। इसका आरोप बायएसआरसीपी कार्यकर्ताओं पर लगाया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। भारी सुरक्षाबल पूरे इलाके में तैनात किया गया है। कुरनूल एसपी ने गांव का दौरा किया और लोगों को संयम बनाए रखने का कहा है। गौरीनाथ की हत्या के पीछे राजनीतिक दुश्मनी बताई जा रही है। वह इलाके में टीडीपी के प्रमुख नेता था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# ओडिशा में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण अब 12 जून को

- सीएम कैंडिडेट चुनने राजनाथ सिंह- भूपेंद्र यादव ऑब्जर्वर बनाए गए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा में अब नई सरकार 12 जून को शपथ लेगी। पहले



शपथ 10 जून को होनी थी। आंध्र प्रदेश में भी भाजपा के सहयोगी टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू 12 को ही मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ओडिशा में बीजेपी ने 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीती हैं। ओडिशा के लिए अब तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं हुई है।

### मोदी कैबिनेट का पहला फैसला

# तीन करोड़ नए घर बनेंगे

- पीएम आवास योजना के तहत होगा निर्माण, इनमें टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेशन होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा।

इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार 10 जून को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री




शामिल हुए। मोदी ने रविवार 9 जून की शाम को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली, इनमें 11 सहयोगी दलों के हैं।

### किसान सम्मान निधि की फाइल पर सबसे पहले किए साइन

शपथ लेने के बाद सोमवार को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए।

# पीएम मोदी ने कार्यभार संभाला, पीएमओ के अफसरों से बोले- हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं



पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। पीएमओ पहुंचने पर कर्मचारियों ने मोदी का स्वागत किया। मोदी ने पीएमओ के अफसरों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, जिस टीम ने मुझे 10 साल में इतना कुछ दिया, उसमें हम क्या नया कर सकते हैं, हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं, हम और तेज कैसे कर सकते हैं, और बेहतर स्केल पर कैसे कर सकते हैं। इन सबको लेकर अगर हम आगे बढ़ें तो मुझे विश्वास है कि देश के 140 करोड़ लोगों ने हमारे इन प्रयासों पर मुहर लगा दी है।

# दूसरी बार सिक्किम के सीएम बने प्रेम तमांग

- राज्यपाल ने आठ मंत्रियों के साथ दिलाई शपथ;पीएम मोदी ने दी बधाई

**गंगटोक (एजेंसी)।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की



शपथ दिलाई। तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रेम सिंह तमांग को दोबारा सिक्किम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रेम सिंह तमांग के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

**एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर दर्ज की थी जीत-** इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है।

# शाह-गडकरी,राजनाथ,जयशंकर,निर्मला पांच वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं

### शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला, ज्योतिरादित्य सिंधिया दूर संचार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा।

शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है।

निर्मला सीतारमण लगातार दूसरी बार वित्त मंत्री का जिम्मा संभालेंगी। शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय और, पंचायती राज मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। इसके साथ ही मनोहर लाल को ऊर्जा मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय दिया गया है। धर्मेंद्र प्रधान फिर शिक्षा मंत्रालय संभालेंगे।

जीतनराम मांझी को एमएसएमई मंत्रालय दिया गया है। अश्विनी वैष्णव को सूचना प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

सर्वानंद सोनोवाल को फिर से पोर्ट शिपिंग मंत्री बनाया गया है। राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी को दिया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को दूरसंचार मंत्रालय दिया गया है। रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यमंत्री अल्पसंख्यक मंत्रालय बनाया गया है। सीआर पाटिल जलशक्ति मंत्रालय दिया गया है। गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

हरदीप सिंह पुरी को फिर से पेट्रोलियम मंत्री बनाया गया है। जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय मंत्री बनाया गया है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में नड्डा स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं।

### कैबिनेट मंत्री और मंत्रालय

| | कैबिनेट मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | अमित शाह | गृह एवं सहकारिता |
| 2 | राजनाथ सिंह | रक्षा |
| 3 | नितिन गडकरी | सड़क परिवहन और हाइवे |
| 4 | जेपी नड्डा | स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक |
| 5 | शिवराज सिंह चौहान | कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास |
| 6 | निर्मला सीतारमण | वित्त और कॉर्पोरेट मामले |
| 7 | एस. जयशंकर | विदेश |
| 8 | मनोहर लाल खट्टर | आवास, शहरी मामले, ऊर्जा |
| 9 | एचडी कुमारस्वामी (JDS) | भारी उद्योग और इस्पात |
| 10 | पीयूष गोयल | कॉमर्स और इंडस्ट्री |
| 11 | धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा |
| 12 | जीतनराम मांझी (HAM) | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग |
| 13 | ललन सिंह (JDU) | पंचायती राज, फिशरीज, पशुपालन और डेयरी |
| 14 | सर्बानंद सोनोवाल | पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग |
| 15 | डॉ. वीरेंद्र खटीक | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| 16 | राम मोहन नायडू (TDP) | नागरिक उड्डयन |
| 17 | प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता मामले, खाद्य, PDS, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा |
| 18 | जुएल ओरांव | आदिवासी मामले |
| 19 | गिरिराज सिंह | कपड़ा |
| 20 | अश्विनी वैष्णव | रेल, सूचना-प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| 21 | ज्योतिरादित्य सिंधिया | संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| 22 | भूपेंद्र यादव | पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन |
| 23 | गजेंद्र सिंह शेखावत | संस्कृति एवं पर्यटन |
| 24 | अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| 25 | किरेन रिजिजू | संसदीय कार्य, अल्पसंख्यक मामले |
| 26 | हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| 27 | मनसुख मांडविया | श्रम, रोजगार, युवा और खेल मामले |
| 28 | जी किशन रेड्डी | कोयला और खनन |
| 29 | चिराग पासवान LJP(R) | खाद्य प्रसंस्करण |
| 30 | सी. आर पाटिल | जल शक्ति |

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

| | राज्य मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | राव इंद्रजीत सिंह | योजना, सांख्यकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन, संस्कृति |
| 2 | डॉ. जितेंद्र सिंह | प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, कर्मचारी, जन शिकायत, पेंशन |
| 3 | अर्जुन राम मेघवाल | कानून और न्याय, संसदीय कार्य |
| 4 | प्रतापराव जाधव (शिवसेना) | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष |
| 5 | जयंत चौधरी (RLD) | शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता |

# बांग्लादेशी पीएम हसीना का सोनिया ने गले लगाकर गर्मजोशी से किया स्वागत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी सांसद राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार की दोपहर नई दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा, हमने भारत और बांग्लादेश के बीच विश्वास, सहयोग और आपसी विकास की प्रतिबद्धता पर आधारित बंधन को और मजबूत करने के लिए कई विषयों पर चर्चा की।

# छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में कलेक्टर-एसपी ऑफिस को आग लगाई

### सतनामी समुदाय धार्मिक स्थल तोड़ने से नाराज, पुलिस पर दोषियों को बचाने का आरोप

**रायपुर/बलौदाबाजार (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सतनामी समुदाय के प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ के बीच कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में आगजनी की। इसके बाद लोगों की पुलिस और कर्मचारियों के साथ झड़प भी हुई।

जानकारी के मुताबिक 15 मई की देर रात सतनामी समुदाय के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब 5 किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया



था। जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास मौजूद दशहरा मैदान में कई दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### धर्म गुरु बोले- घटना की सीबीआई जांच हो, हिंसक झड़प नहीं होनी चाहिए

सतनामी समाज के गुरु कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि यह घटना अप्रिय है। इस घटना की भी जांच होनी चाहिए। जैतखाम तोड़े जाने की घटना की सीबीआई जांच की मांग का मैं समर्थन करता हूं। हिंसक झड़प नहीं होनी चाहिए थी, गुरु घासीदास हमें शांति का मार्ग बताते हैं। घटना की जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# किसान आंदोलन में हुई ममता बनर्जी की एंट्री

- खनौरी बॉर्डर में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा; एमएसपी को लेकर कही ये बात

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर मौजूद प्रदर्शनकारी किसानों से टीएमसी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस



दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की किसान नेताओं से फोन पर बात भी कराई। बातचीत के दौरान ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) किसानों के न्याय के लिए हमेशा खड़ी रहेगी।

### लखीमपुर में बड़ा हादसा

# घाघरा नदी में डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, सुबह-सुबह नहाने गए थे सभी

**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के तेलियार में एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में डूब गए। इनमें 12 साल के बालक समेत चार की मौत हो गई। जबकि 12 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गांव बोकरिहा निवासी पच्चो देवी (50 वर्ष), टिया (17 वर्ष) पुत्री सुबोध, कान्हा (12 वर्ष) पुत्र निर्मल, नैनी पुत्री निर्मल, सत्यम (26 वर्ष) पुत्र मित्तल अपनी रिश्तेदारी में तेलियार आए थे। यहां ये सभी सोमवार सुबह घाघरा नदी में नहाने गए थे। बताते हैं कि नदी में नहाते समय मोबाइल से रील भी बनाई।

इसी दौरान गहरे पानी में कान्हा डूबने लगा



तो उसे बचाने के चक्कर में सभी डूब गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग जुटे। उन्होंने कड़ी मशक्कत कर सभी को बाहर निकाला। आनन-फानन सभी को रमियाबेहढ सीएचसी लाया गया, जहां पच्चो देवी, टिया, कान्हा और सत्यम को मृत घोषित कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडी शर्मा ने कहा- मंत्रिमंडल में जगह देकर पीएम ने बढ़ाया जनता का मान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में मध्य प्रदेश को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने पर प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में मध्य प्रदेश को प्रतिनिधित्व देकर प्रदेश की जनता का मान बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाकर प्रदेश की जनता ने बताया कि एमपी के मन में मोदी हैं। शर्मा ने इस पर प्रसन्नता जताते हुए सभी नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने न्यू इंडिया का जो सपना देखा है, उसे साकार करने में सभी नेताओं को सक्रिय सहयोग देने का अवसर मिला है और उनके दीर्घ अनुभवों का लाभ भी देश को मिलेगा। इधर, प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया।

### बकरी पालन पर प्रशिक्षण 9 जुलाई से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा पशुपालन विशेषकर बकरी पालन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है। सेडमैप की कार्यकारी संचालक अनुराधा सिंघई ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस वर्ष प्रशिक्षण का तीसरा बैच संचालित किया जा रहा है।उद्यमिता भवन अरेरा हिल्स में 09 से 11 जुलाई 2024 तक आयोजित प्रशिक्षण में पशुपालन से सम्बंधित स्वरोजगार, नियम-प्रक्रियाओं और शासकीय योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तरीके से पशुपालन कैसे करें, इस सम्बंध में विषय विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इच्छुक व्यक्तियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। पशुपालन पर आधारित स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर - 8770555820 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### ब्यूटीपार्लर प्रबंधन का नि:शुल्क प्रशिक्षण का समापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** रुडसेट संथान, भोपाल में 10 मई 2024 से 30 दिवसीय ब्यूटीपार्लर प्रबंधन का प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में श्री आलोक चकवर्ती जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक आफ इंडिया भोपाल उपस्थित हुये। रुडसेट संस्थान, भोपाल के निदेशक श्री सुधीर मिश्रा ने अतिथि का स्वागत कर बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिये पूर्णत: नि:शुल्क आयोजित किया गया था, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क थी। ब्यूटीपार्लर के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग, बीमा, सफल उद्यमी के गुण, समय प्रबंधन आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई ताकि प्रशिक्षणार्थियों को अपना व्यवसाय करने में आसानी हो सके। मुख्य अतिथि श्री आलोक चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में सभी प्रशिक्षणार्थियों को दिये गये प्रशिक्षण का उपयोग कर अपने क्षेत्र मे स्व-रोजगार करने का आग्रह किया और साथ मे ही दूसरो के लिये भी रोजगार के अवसर उपल्बध कराने को कहां और सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक श्री सुधीर मिश्रा ने की। संस्थान के वरिष्ठ संकाय श्री भगवान सिह ने आगामी माह में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये बताया कि संस्थान में आगामी माह में मोबाइल रिपेयर, मोटर रिवाइंडिंग एवं टू व्हीलर रिपेयर के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनके आवेदन संस्थान में स्वीकार किये जा रहे है। इस अवसर पर संस्थान के कार्यालय सहायक इंद्रजीत सिंह, पंकज कुमार पानसे और करिशमा शर्मा अतिथि प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की कपलिंग टूटने के मामले की जांच होगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार की रात को भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की कपलिंग टूटने के मामले में रविवार को भोपाल रेल मंडल ने टीम गठित कर जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच कर टीम तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस बीना स्टेशन से मुंगावली की ओर रवाना की गई थी, जो महादेवखेड़ी स्टेशन के होम सिग्नल के पास पहुंची थी। इस दौरान ट्रेन में झटका लगते ही कपलिंग टूट गई। रेलवे ने इसमें कुछ जांच बिन्दु भी तय किए है, जिसमें बीना स्टेशन पर इसकी जांच की गई थी या नहीं यह भी शामिल है। इसके साथ ही महादेव खेड़ी स्टेशन पर ट्रेन में झटका लगने के साथ ही कपलिंग टूटी थी। इसमें जांच की जाएगी कि ट्रेन की ऐवरेज स्पीड क्या थी। इसके अलावा अन्य बिन्दु भी शामिल हैं, जिसकी रिपोर्ट मंडल के अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

# जहाँ रेत खनिज उपलब्ध और खदान के रूप में घोषित नहीं है 15 जुलाई तक खदान घोषित किया जाए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जिन क्षेत्रों में रेत खनिज उपलब्ध है और उन्हें अब तक खदान के रूप में घोषित नहीं किया गया है ऐसे सभी क्षेत्रों को 15 जुलाई 2024 तक खदान घोषित किए जाने के निर्देश सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स को दिये गए हैं। प्रमुख सचिव खनिज श्री निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स इस संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कलेक्टर्स को अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया है।



पानी के भीतर किसी भी प्रकार के उत्खनन (इन-स्ट्रीम माइनिंग) को सख्ती से रोका जाये। साथ ही उपयुक्त स्थानों पर जाँच चौकियों की स्थापना एवं मानसून के दौरान निर्माण कार्यों को जारी रखने के लिये रेत भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के लिये कहा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खनिज साधन विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिये  का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत खदानों को जियो टैग कर सेटेलाइट इमेजेस एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली खाद्यान्न के क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खनन निगरानी प्रणाली के अंतर्गत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम द्वारा राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजा जायेगा। क्षेत्रीय अमले द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से परीक्षण/निरीक्षण कर रिपोर्ट पोर्टल/मोबाइल एप पर दर्ज कर प्रकरण पंजीकृत किया जायेगा।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों पर कार्यवाही कर अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। यह प्रणाली मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही है। यह प्रणाली पूरे प्रदेश में सितम्बर-2024 तक प्रभावी रूप से लागू कर दी जायेगी।

## 100 बसों से शुरू हुई थी लो-फ्लोर बसों की शुरुआत वर्तमान में संचालित हो रही 250 बसें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) द्वारा सन् 2013 से शहर में लो-फ्लोर बसों का संचालन शुरू किया गया था। तब इसकी शुरुआत 100 लो-फ्लोर बसों के साथ की गई थी । शुरुआती दौर में शहर के चंद रूटों पर लो-फ्लोर बसों को चलाया गया था, लेकिन वर्तमान में करीब 15 रूटों से अधिक रूट पर लो-फ्लोर बसों का संचालन किया जा रहा है । शहर के विभिन्न मार्गों पर बीसीएलएल की करीब वर्तमान में 250 से अधिक बसें नियमित रूप से रोजाना चलती हैं । इन बसों में रोजाना करीब एक से ड़ेढ लाख यात्री सफर करते हैं ।



इस हिसाब से प्रत्येक बस में करीब 10 हजार से अधिक यात्री लो-फ्लोर बसों का उपयोग कर रहे हैं । पिछले 12 साल से बसों के संचालन के दौरान कई बसें काबड़ भी हुई हैं। जिनको समय-समय पर स्क्रैप के लिए भेज दिया जाता है। वर्तमान में मात्र पांच-छह बसें कबाड़ हैं, जो डिपो में खड़ी हुई हैं। बीसीएलएल के अधिकारियों का कहना है कि शहर में नगर परिवहन सेवा शुरू हुई है। तब से यात्रियों को कम किराए पर बेहतर सुविधा मुहैया कराई गई है। नई स्कीम के जरिए यात्रियों को बीसीएलएल जोड़ा है। पास की सुविधा के जरिए शहर के विद्यार्थी वर्ग को बहुत लाभ मिला है।

## मोतिया तालाब को कचरा मुक्त रखने लगाई जाएंगी जालियां

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर के मोतिया तालाब की रविवार को साफ-सफाई की गई । इस दौरार तालाब से कचरा, गाद और मिट्टी आदि को बड़ी मात्रा में निकाला गया। महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, एमआईसी सदस्य समेत शहर के कई नागरिकों ने मिलकर तालाब के किनारों पर फैले कचरे को हटाया । इस मौके पर महापौर ने तालाबों को स्वच्छ रखने व तालाबों में गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए । महापौर ने निगम के अधिकारियों से कहा कि मोतिया तालाब को कचरा मुक्त



रखना है तो यहां ऊंची जालियां लगाई जाएं । इससे तालाब कचरा मुक्त रहेगा साथ ही तालाब के कैचमेंट में कोई अतिक्रमण नहीं कर पाएगा। इसके अलावा उन्होंने तालाब में सीधे गंदा पानी बहाने वाले अस्पतालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त टीना यादव, विनीता सोनी, प्रियंका मिश्रा, सरोज आसेरी सहित गणमान्य नागरिक व निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## नियमों की अनदेखी बनी परेशानी की वजह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** होशंगाबाद रोड पर आशिमा मॉल के स्थित पारस हर्मिटेज बिल्डिंग के पहले ब्लॉक के 24 फ्लैट के परिवारों की पिछले दो हफ्ते से नींद उड़ी हुई है। इन लोगों की परेशानी की वजह है पास में बना रहा एक होटल। इस होटल के बेसमेंट के निर्माण के लिए जब यहां खुदाई की तो कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल का करीब 100 फीट लंबा हिस्सा ढह गया। यहां लगे पेवर ब्लॉक खिसक कर होटल के लिए खोदे गए गड्ढे में जा रहे हैं। रहवासियों को आशंका है कि समय रहते कोई कदम नहीं उठाए गए तो पहले ब्लॉक का यह हिस्सा ढह सकता है। रहवासियों की ओर से इसकी शिकायत नगर निगम और पुलिस के अलावा क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कृष्णा गौर से भी की है। इधर, पार्षद प्रताप वारे का कहना है कि रहवासियों का डर सही है। किसी तरह का कोई हादसा नहीं हो इसको लेकर निर्माणकर्ताओं से बात की है। निगम को तो पता ही नहीं था, होटल बन रहा... मेन होशंगाबाद रोड पर बहुमंजिला होटल बनाया जा रहा है। करीब महीनेभर पहले खुदाई शुरू की गई थी। जब इससे हुई परेशानी पर नगर



निगम में शिकायत पहुंची तब बिल्डिंग परमिशन शाखा ने पाया कि इसके निर्माण के लिए तो अनुमति नहीं ली गई।

ऐसे में बिल्डिंग परमिशन शाखा ने 29 जून को नोटिस जारी कर निर्माण पर रोक लगाई। बिना अनुमति निर्माण के चलते बिल्डिंग परमिशन शाखा की ओर से होटल मालिक को दो बार पत्र जारी किया गया। लेकिन, उन्होंने अनुमति के लिए कोई कार्रवाई ही नहीं की। ऐसे में निगम ने संबंधित पर केस दर्ज कराने के लिए मिसरोद थाना को पत्र लिखा है। होटल का निर्माण करा रहे मोहित नामानी का दावा है कि पहले पारस हर्मिटेज की बाउंड्री वॉल के तरफ से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ताकि, मिट्टी खिसकने की नौबत नहीं आए। हमारी प्राथमिकता यही है कि निर्माण से किसी को परेशानी नहीं हो।

### छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा सीट पर 10 जुलाई को होगा मतदान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 10 जुलाई को होगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया। 14 जून को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन पत्र स्वीकार करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। यह सीट कांग्रेस विधायक कमलेश शाह के विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुई थी। लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस



विधायक कमलेश शाह ने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। त्याग-पत्र स्वीकार कर विधानसभा सचिवालय ने सीट रिक्त होने की सूचना चुनाव आयोग को भेजी थी। आयोग ने अन्य प्रदेश की सीटों के साथ अमरवाड़ा सीट पर भी उपचुनाव कराने का निर्णय लिया है। विशेष पुनरीक्षण अभियान में तैयार मतदाता सूची से चुनाव कराया जाएगा। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 21 जून तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। इनकी जांच 24 जून को होगी और 26 जून तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही जहां उपचुनाव है, उससे संबंधित जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

## हाइड्रोलिक और रिमोट कंट्रोल्ड रथ में विराजेंगे जगन्नाथजी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इस्कान भोपाल बीवायसी (भेल) सात जुलाई रविवार को जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा महारानी की रथयात्रा निकालेगा। इस्कान भोपाल बीवायसी के अध्यक्ष रसानंद दास ने बताया कि रथयात्रा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक एक के सामने से शुरू होगी। रथयात्रा के कई आकर्षण होंगे, लेकिन हाइड्रोलिक रिमोट कंट्रोल्ड रथ सबसे खास होगा। इस रथ को जरूरत के हिसाब से ऊंचा और नीचा किया जा सकता है। यदि रास्ते में बिजली के तार या छोटे पेड़ आते हैं तो इसे नीचे करने के उपरांत फिर से ऊंचा किया जा सकता है। इसके अलावा रथयात्रा में घोड़े, बग्गी, ऊंट, बैंड, कीर्तन पार्टी आकर्षण का केंद्र होंगे। रथ यात्रा के पहले भगवान जगन्नाथ को पांच सौ से



ज्यादा भोग अर्पित किए जाएंगे। इन्हें भक्त गण अपने घर से बनाकर लाएंगे। रथयात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा को स्नान कराया जाएगा। इसके बाद से भगवान बीमार हो जाएंगे और वो 14 दिन क्वारेंटीन रहेंगे। इस दौरान उन्हें औषधीय काढ़ा और भोग लगाए जाएंगे। इसके लिए तरह-तरह की जड़ी बूटी भी मंगवाई गई हैं। भगवान को पहनाने और रथ को सजाने के लिए विशेष पुष्प श्रृंगार होगा। इसके लिए मुंबई, पुणे और नासिक से विशेष फ्लॉवर मंगवाए जा रहे हैं। रथयात्रा दोपहर एक बजे रानी कमलापति रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक एक के सामने से शुरू होगी, जो सात नंबर चौराहा, नेशनल अस्पताल, प्रियदर्शनी मार्केट, बिटटन मार्केट , 1100 क्वार्टर, गणेश मंदिर, शैतानसिंह चौराहा, शाहपुरा सेक्टर ए, त्रिलंगा, रोहित नगर से होती हुई अपोलो सेज अस्पताल के पास बावड़िया कलां चौराहा पर समाप्त होगी। समापन स्थल दस हजार लोगों का भंडारा रखा गया है। रथयात्रा के बाद वहां रथयात्रा में आए भक्त भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद पाएंगे। रथ से दौ सौ मीटर आगे आकर्षक और बड़ी-बड़ी रंगोली बनाई जाएगी। रंगोली बनाने के लिए मुंबई और पुणे से विशेष टीम आएगी। ये टीम अपने साथ रंगोली और कई चीजें लाएंगे। रंगोली टीम की विशेषता है कि ये पंद्रह मिनट में दस मीटर की रंगोली बना देते हैं और उसे विभिन्न रंगों से सजा देते हैं। इस अवसर पर भक्तों के बच्चे कृष्ण-बलराम, राधा-कृष्ण, सीताराम हनुमान, चैतन्य महाप्रभु आदि का रूप धारण करके रथयात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। बच्चों के बैठाने के लिए बघ्घी एवं अन्य गाड़ियां भी रखी गई हैं।

## प्रदेश में खुलेंगे ड्राइविंग स्कूल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** परिवहन विभाग की देखरेख में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ड्राइविंग स्कूल खोले जा रहे हैं। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राज्यमार्ग मंत्रालय की कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के पांच राज्यों में छतरपुर, भोपाल, इंदौर, बैतूल, सिंगरौली में ड्राइविंग स्कूल खुलेंगे। इनमें सार्वजनिक निजी-भागीदारी(पीपीपी)मोड पर छतरपुर में प्रदेश का सबसे पहला ड्राइविंग स्कूल शुरू होगा। अब तक 35 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बाकी 65 प्रतिशत काम नवंबर-दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। एक ड्राइविंग स्कूल को विकसित करने में पांच करोड़ रुपये का खर्च है। ड्राइविंग स्कूल खुलने के बाद यहां पर तैनात विशेषज्ञ आवेदकों का ड्राइविंग का टेस्ट लिया करेंगे। इस दौरान ट्रैफिक नियमों को भी बताएंगे। दाएं,बांए,अंधा मोड़ों पर कैसे




गाड़ियां चलाने सहित अन्य बारीकियों को भी समझाएंगे। टेस्ट में पास होने पर ही ड्राइविंग स्कूल से प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इस आधार पर आरटीओ-डीटीओ में फोटो खींचने व डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदक परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकेंगे। गौरतलब है कि अभी ऐसा कोई ड्राइविंग स्कूल नहीं है, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने से पहले टेस्ट लिया जाता है और पास होने पर प्रमाण पत्र दिया जा रहा हो। अभी कार, व्यवसायिक, भारी वाहन चलाना सीखाने के लिए ड्राइविंग स्कूल हैं, जिनमें लोग 1500 से 2000 रुपये देकर कार चलाना सीखते हैं। प्रदेश भर में एक दिन में सात से आठ हजार तक परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाते हैं। जिला स्तर पर 3.5 एकड़ जमीन और संभागीय स्तर पर 5.5 एकड़ जमीन पर ड्राइविंग स्कूल बनाए जाने के कार्ययोजना है। इसमें ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनेगा। इसमें सीसीटीवी लगाए जाएंगे। एक यार्ड में आधुनिक मशीनें भी लगेंगे। साथ ही वाहनों की पार्किंग की सुविधा सहित बैठने व पीने के पानी की व्यवस्था होगी। नियमों के दिशा-निर्देश भी अंकित किए जाएंगे। इसमें मोटर सइकिल, मोपैड, भारी वाहन, व्यवसायिक वाहन भी रहेंगे। इन वाहनों से लोगों का टेस्ट लिया जाएगा। छतरपुर में ड्राइविंग स्कूल विकसित कराने वाले निजी एजेंसी के संचालक डा. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि ड्राइविंग स्कूल में वाहन चलाने वाले आवेदकों की रिकार्डिंग होगी। तीन महीने तक रिकार्डिंग रखी जाएगी। ड्राइंविग संबंधी नियमों को को पूछा जाएगा। नहीं बताने वाले आवेदकों को नियम बताए भी जाएंगे। इसमें दो, चार पहिया, भारी वाहन, व्यवसायिक वाहन और बिना गेयर वाले वाहनों का टेस्ट कराया जाएगा।

टेस्ट का शुल्क परिवहन विभाग के समन्वय से शुल्क तय किया जाएगा।

# अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

## कलेक्टर ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने ऐसी परिस्थितियों में लोगों के जीवन की रक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला स्तर एवं खंड स्तर में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाने तथा जानकारियों के त्वरित आदान-प्रदान के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के विगत 5 वर्षों के अनुभव के आधार पर अतिवृष्टि के कारण बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उक्त क्षेत्रों में बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि राहत एवं बचाव के लिए सुनियोजित कार्य योजना तैयार करें तथा उसके विषय में संबंधित क्षेत्र के निवासियों को भी अवगत करायें।

ऐसे क्षेत्र के ग्रामीण जनों को संभावित खतरों के विषय में जागरूक करें तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में भी अवगत करायें। कलेक्टर ने राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर दलों को बनाने के निर्देश दिए हैं जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के कुशल तैराकों एवं इच्छुक वालेंटियर्स को सम्मिलित किया जाए।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के बांधों विशेषकर बाणसागर एवं गुलाब सागर की स्थितियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बांधों के भरने की स्थिति में गेट खोलने की आवश्यकता होगी ऐसे में निचले स्तर के ग्रामों तथा बसाहटों में पानी भरने की संभावना होगी। ऐसी बसाहटों की पहचान कर वहां के लिए कार्य योजना बनाए। गेट खोलने के पूर्व ग्रामवासियों को सूचना देने का तंत्र विकसित करें तथा उनके लिए सुरक्षित स्थानों की पहचान करें। इसके साथ ही उन्होने सभी नहरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने अतिवृष्टि के कारण जलमग्न होने वाली पुल, पुलियों एवं रपटों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेन्सियों को ऐसे स्थानों पर चेतावनी चिन्ह लगाने के निर्देश दिए हैं तथा जलमग्न होने की स्थिति में बेरीकेटिंग कर आवागमन अवरूद्ध करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी स्थानों में बारिश के पूर्व नाले एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही निचले स्थानों की पहचान कर वहां से जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

कलेक्टर ने होमगार्ड की टीम को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक उपकरणों की जांच कर उनका उचित रखरखाव करायें। साथ ही दलों का गठन कर उन्हें जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में डिप्लाय करें। दलों का प्रशिक्षण करायें तथा ग्रामवासियों को भी बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में अवगत करायें। कलेक्टर ने जिले के मेडिकल दल को आलर्ट मोड में रहने तथा दवाइयों एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा संबंधित उपखण्ड अधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के कार्य को लीड करेंगे।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी क्षितिज कुमार, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, कुसमी एस.पी. मिश्रा, मझौली आर.पी. त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जनजातीय कार्य विभाग सीधी म.प्र. अंतर्गत स्पेशल एण्ड रेसीडेंसियल एकेडमिक सोसायटी म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर सीधी जिला सीधी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 25 जून तक आमंत्रित है। इच्छुक छात्राएं एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर अंतिम तिथि के पहले जमा करें।

उन्होने बताया कि कक्षा 7वीं में 30, 8वीं में 23, 9वीं में 34 एवं 11वीं में 66 रिक्ट सीटों के विरूद्ध आवेदन आमंत्रित है। केवल अनुसूचित जनजाति की छात्रा ही आवेदन कर सकेगी। विद्यार्थी का एमपीटास्क प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र 2024-25। रिक्तियों के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। रिक्त सीटों की संस्था में कमी वृद्धि हो सकती है। कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए 10वीं सीबीएससी बोर्ड उत्तीर्ण को प्राथमिकता दी जायेगी। विषय कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं अन्य रूचि अनुसार एवं आवश्यक दस्तावेज।

**सुविधाएं:** छात्राओं को भोजन, आवास, गणवेश की सुविधा नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाती है। छात्राओं के लिए नवनिर्मित कवर्ड कैम्पस की सुविधा एवं डिजिटल क्लास रूम एवं सुसज्जित पुस्तकालय की सुविधा रहेगी।

# सिहावल एवं सेमरिया फीडर अंतर्गत विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अधीक्षण अभियंता ( स ंचा - स ंधा ) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सीधी में 40 एम.व्ही.ए. वेल एक्स मेर का शेष प्री-मानसून मेन्टीनेन्स एवं टेस्टिंग कार्य कराने हेतु 11 जून को सुबह 8 बजे से 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

11 जून को 33 के.व्ही. सिहावल एवं सेमरिया फीडर से संबंधित सभी उपकेन्द्र सटडाउन के दौरान बन्द रहेगे।

उन्होने बताया कि 33 के.व्ही. सिहावल फीडर अंतर्गत कुबरी एवं खोचीपुर तथा सेमरिया फीडर अंतर्गत सेमरिया एवं हनुमानगढ़ उपकेन्द्र से संबंधित समस्त गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# समय-सीमा बैठक आयोजित

## सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभाग प्रमुख नियमित समीक्षा करें : कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने माह मई में प्राप्त शिकायतों को 20 जून के पूर्व संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वह अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएंगे। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहे तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम हो। उन्होंने विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेने तथा शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण करना है। सीएम हेल्पलाइन में बजट संबंधी कारणों, नीतिगत कारणों या सिविल अथवा उच्च न्यायालयों में प्रकरण लंबित होने जैसे कारणों से लंबित शिकायतों को छोड़कर शेष सभी प्रकार की लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय विभागों के जमीन आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि संबंधित विभाग, निर्माण एजेंसी तथा राजस्व विभाग के अधिकारी संयुक्त भ्रमण कर जमीन चिन्हांकित करें तथा प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आबकारी एवं पुलिस विभाग को जिले में शराब की अवैध बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, कुसमी एस.पी. मिश्रा, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर होगी वैधानिक कार्यवाही

## राजस्व, पुलिस, वन तथा खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा की जाएगी औचक कार्यवाही



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा की उपस्थिति में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर सोमवंशी द्वारा रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा उपखण्ड स्तर एवं तहसील स्तर पर राजस्व, पुलिस, वन एवं खनिज विभाग को संयुक्त रूप से क्षेत्र का आकस्मिक भ्रमण एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि रैंडम आधार पर तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच की कार्यवाही की जाए। खंड स्तरीय अधिकारी सतत संपर्क में रहें तथा सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सोन-घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र से जुड़ें स्थानों पर प्राथमिकता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में रेत के सभी भंडारण क्षेत्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को तय सीमा से अधिक परिवहन करने पर वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने की गई कार्यवाहियों के संबंध में प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले में बंद पड़ी खदानों की भी आकस्मिक जांच तथा दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अवैध उत्खनन से जुड़ें माफिया के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस लक्ष्य की प्राप्ति एक टीम के रूप में कार्य करके ही की जा सकती हैं। उन्होने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाएं तथा सही समय पर सूचनाओं का आदान प्रदान कर खनन माफिया के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करें। अवैध उत्खनन के लिए चिन्हित स्थानों पर मार्ग को खुदाई कराकर अवरुद्ध करायें। साथ ही कुछ चिन्हित स्थानों पर नाके भी लगाए जाएं जिससे रेत के अवैध परिवहन को रोका जा सकेगा।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी क्षितिज कुमार, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, कुसमी एस.पी. मिश्रा, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, सहित उपसंचालक खनिज एके राय, संजय टाइगर रिजर्व, वन विभाग, खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेडक्लिफ लैब्स ने डायग्नोस्टिक सेवाओं में किया बड़ा बदलाव

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** देशभर में अग्रणी डायग्नोस्टिक सेवा प्रदाता और उच्च गुणवत्ता की सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध रेडक्लिफ लैब्स ने रीवा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रेडक्लिफ ने बहुत कम समय में 100,000 से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान की है। व्यापक जाँच सूची और कलेक्शन सेंटर्स के नेटवर्क के साथ, रेडक्लिफ लैब्स दूसरों से अलग है और बेहतरीन गुणवत्ता की डायग्नोस्टिक सेवाएँ हर किसी के लिए सुलभ बनाता है। हर रविवार को आयोजित होने वाले मेगा हेल्थ चेकअप कैंप्स (स्वास्थ्य जाँच शिविरों) ने स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य की नियमित जाँच को सुलभ और किफायती बनाया है।

लैब की वॉक-इन और होम सैंपल कलेक्शन सेवाएँ मरीजों के लिए सुविधा और शीघ्र सेवा सुनिश्चित करती हैं, जिससे बीमारियों की रोकथाम और उपचार में मदद मिलती है। यह लैब नई, आधुनिक और पूरी तरह स्वचालित उपकरणों से सुसज्जित है, जो सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। कुशल और योग्य तकनीशियनों की एक इन-हाउस टीम यह सुनिश्चित करती है कि गुणवत्ता के सख्त प्रोटोकॉल का पालन हो।

इस तरह, तय समय सीमा के भीतर उच्च-गुणवत्ता और सटीक रिपोर्ट दी जाती है। लैब में बायोकैमिस्ट्री, हीमैटोलॉजी, इम्यूनोअसेस, क्लिनिकल पैथोलॉजी, सीरोलॉजी और हॉर्मोन जैसे सभी क्लिनिकल लैबोरेटरी विभाग हैं।

# लूट के आरोपियों तक पहुंची पुलिस

## दो को किया गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जिले की देवेंद्र नगर नगर थाना पुलिस ने एनएच 29 पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जिनके पास कट्टा, कारतूस, लूटी गई बाइक और मोबाइल जब्त किया है। मामले का खुलासा पन्ना एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया और बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवारी तिराहा के पास 4 जून की देर रात करीब 2:30 बजे एक बाइक सवार से लूट की घटना सामने आई थी।

फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना देवेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी। इसमें दो संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया गया, जिन्हें 9 जून को नागौद के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस टीम की ओर से पूछताछ किए जाने पर उक्त संदेही व्यक्तियों ने अपना-अपना नाम सूरज दाहिया पिता रामगोपाल दाहिया निवासी ग्राम रेरूआ थाना नागौद और मोहित उर्फ गजनी लढिया पिता प्रदीप लढ़िया निवासी पीपल चौराहा नागौद का होना बताया।

कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और और फिर पन्ना एसपी साईं कृष्ण थोटा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोपालदास बांध के सफाई का कार्य किया गया

## जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने की सहभागिता



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में सोमवार 10 जून को भी सीधी जिले के नगरीय क्षेत्रों में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुराने तालाब, कुओं, बावड़ियों के सरंक्षण का कार्य निरंतर संचालित है। नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र के गोपालदास बांध के सफाई का कार्य किया गया जिसमें प्रमुख रूप से रजनीश श्रीवास्तव पार्षद वार्ड क्रमांक 14, मेंनका प्रभात सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 09, ओंकार सिंह कर्चुली पार्षद वार्ड क्रमांक 10, आनंद परियानी पार्षद वार्ड क्रमांक 05, विनोद वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी, नगर पालिका से मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, सहायक यंत्री एस एल त्रिपाठी, उपयंत्री अशोक मिश्रा, बीके तिवारी, लेखापाल राघवभन, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह, एनयूएलएम से मनोज चौबे, संदीप मिश्रा, प्रदीप द्विवेदी, दिलीप के साथ-साथ आम नागरिक तथा नगर पालिका परिषद सीधी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद मझौली में अमृत 2.0 योजना के रुपये 39.09 लाख की लागत से पुरनिहा तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य अनवरत चल रहा है। उसके साथ-साथ अतरईला तालाब की सफाई का कार्य किया गया। नगर परिषद रामपुर नैकिन में मुर्तला तालाब के आसपास सफाई तथा नगर परिषद चुरहट के वार्ड क्रमांक 01 एवं 15 में स्थित पुराने कुओं के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ कराया गया।

जल है तो कल है के सिद्धान्त पर यथार्थ से अवगत होने तथा आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिए जिले के सभी नगरीय क्षेत्रो के आम नागरिकों, बच्चो को जागरूक करने तथा अभियान में जोड़ने का निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## जनपद अध्यक्ष की अगुवाई में बरंबाबा में श्रमदान, जल शपथ और कलश यात्रा का आयोजन



जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना से तालाब, बावड़ी, स्टाप डैम जैसे जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। तालाबों के गहरीकरण और इनकी पाल को मजबूत करने का भी कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजनता का भी बढ़चढ़ कर सहयोग मिल रहा है। तालाब से आवांछित वनस्पतियां निकालकर उसके पाल को मिट्टी डालकर मजबूत किया जा रहा है। विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आमजनता को जल संवर्धन की शपथ दिलाई जा रही है। इसी तरह के कार्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किए जा रहे हैं। इन कार्यों से प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार होने के साथ-साथ जल संग्रहण के नए निर्माण कार्य भी संपन्न हो रहे हैं।

इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत बरमबाबा में जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार की अगुवाई में श्रमदान, जल शपथ एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों, जनपद तथा जन अभियान परिषद के अधिकारियों तथा ग्रामीण जनों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# जिले में बदला मौसम का मिजाज, आसमान में छाए बादल

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच सोमवार को मौसम में परिवर्तन हुआ। सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिससे जिलेवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

दरअसल, पन्ना जिले में मई माह और जून के शुरुआती दिनों में भीषण गर्मी पड़ी। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा गया, जिससे लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था।

## विचार

## मप्र की मोहन सरकार अब कड़े फैसलों की तैयारी में

आम-चुनाव 2024 के नतीजे भले ही खिचड़ी हों। लेकिन मप्र में मोदी-मोहन मैजिक चला इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। यूं तो इस बार के नतीजे अलग-अलग राज्यों के लिहाज से अलग देखे जाएंगे। लेकिन जहां तक मध्य प्रदेश और दिल्ली की बात है, भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। निश्चित रूप से इसका श्रेय दिल्ली भाजपा संगठन तो मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन को जाता है। प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में जिस तरह की बयार बह रही थी उसके बावजूद हवा के रुख का जरा सा भी असर नहीं होना बताता है कि कहीं न कहीं इसके लिए डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की तैयारियां अचूक थीं ।छिंदवाड़ा की जीत यही बताती है। प्रदेश की सीमाओं की बात करें तो उत्तर में उत्तर प्रदेश,दक्षिण में महाराष्ट्र, उत्तर-पश्चिम में राजस्थान, पश्चिम में गुजरात औरपूर्व में छत्तीसगढ़ जहां हर जगह भाजपा को वो क्लीन स्वीप नहीं मिली जो कि मध्य प्रदेश और दिल्ली में एकतरफा थी। इस बात को कैसे नकार सकता है कि यह बिना मेहनत संभव हुआ होगा? वह भी उन हालातों में जब मतदाताओं ने यहां भी खामोशी अख्तियार की हुई थी। शायद इसी मुगालते में कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही औरखामोश मतदाताओं ने मोदी-मोहनके भरोसे पर भाजपा की पूरी झोली भर दी। मुख्यमंत्री बनते ही डॉ. मोहन यादव के कड़े फैसलों जिसमें बेलगाम लाउड स्पीकरों सहित मांस, मटन की खुले आम बिक्री पर लगाम लगाना अहम रहा। सख्ती के साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कराने केतल्ख संदेश को हर वर्ग ने सराहा। यहीं से उनकी अलग छाप दिखी। इसके अलावा प्रदेश में बढ़ते बल्कि बेखौफ हो चुके माफिया राज को भी न केवल काबू किया बल्कि ताबड़तोड़ कार्रवाई करवो किया जो अब तक नहीं हुआ। इसी बीच नर्सिंग घोटाले, बिगड़ी कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, निजी स्कूल माफियाओं पर सख्तीने साफ कर दिया कि जो चलता था,अब नहीं चलेगा ।इससे प्रदेश की बेलगाम अफसरशाही को भी सख्त संदेश गया। कई मौकों पर आचार संहिता के चलते भी अड़चनें आईं लेकिन बावजूद इसके अपनी सीमा में जो किया वह भी बड़ा ही था। चुनाव के तीसरे चरण के दौरान शहडोल में रेत माफियाओं द्वारा एक पुलिस अधिकारी को ट्रैक्टर से रौंदकर मार डालने, शहडोल संभाग मुख्यालय में ही नाबालिग बालिका से गैंगरेप की घटना ने सबका ध्यान खींचा। लेकिन घटना में शामिल सभी आरोपी न केवल तुरंत धरे गए बल्कि सभी के अवैध निर्माणों को जमींदोज कर सीखचों में पहुंचा अपना सख्त पैगाम फिर दे दिया। निश्चित रूप से इस सख्ती का पूरे प्रदेश में बड़ा संदेश गया। प्रदेश मे बेलगाम हो चुके खनन माफियाओं पर देखते ही देखते दर्जनों से सैकड़ो मेंहुई ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से संगठित, सिंडीकेट के रूप में काम करने वाले लोग सकते में आ गए। सीधी, सिंगरौली, शहडोल, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, खरगौन, हरदा में पचासों करोड़ रुपए के पोकलिन मशीनें, पनडुब्बी सहित रेत ढ़ोने वाले हाइवा, ट्रैक्टर जप्त हुए। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश में किस कदर खनन माफिया हावी रहे जिनकी जडें बहुत गहरी और अर्से से हैं। अवैध रेत निकासी, अवैध कोयला खदानों पर भी धड़ाधड़ गाज गिरने लगी। कोयला-रेत उत्खनन का गढ़ बनते शहडोल में ही मई के आखिरी सप्ताह तक 74 मामलों में 5 करोड़ 19 लाख रुपयों से ज्यादा का जुर्माना लगाकर नवागत कलेक्टर तरुण भटनागर ने बता दिया कि शासन-प्रशासन और डॉ. मोहन यादव की मंशा क्या है। इसी तरह ड्रग माफियाओं पर भी जबरदस्त नकेल कसी गई। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जहां-तहां अवैध गांजे व नशीली दवाइयों की खेप पकड़ी जाने लगीं। शायद ही कोई दिन जाता हो जब प्रदेश में कहीं न कहीं ऐसी कार्रवाई न दिखती हो। अब प्रदेश में जिलों और संभागों की नई सीमाओं के पुनर्गठन की तैयारी है। इसकी अर्से से मांग थी। प्रदेश की आधी से ज्यादा आबादी को संभाग या जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

# बहुत कठिन है डगर एनडीए सरकार की

**लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद सियासी आईने में नजर आने वाली एनडीए सरकार की तस्वीर भले ही सुखद और मजबूत नजर आ रही हो, लेकिन चुनौतियां इस कदर हैं कि आगे चलकर इस तस्वीर के धुंधले होने की गुंजाइश कुछ ज्यादा ही लग रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह गठबंधन सरकार को चलाने का अनुभव नहीं होना बताया जा रहा है। दरअसल इससे पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ण बहुमत की सरकार चलाते आए हैं। यह अलग बात है कि एनडीए गठबंधन को उन्होंने साथ रखा। ऐसे में पीएम मोदी के द्वारा लिए गए फैसलों पर एनडीए गठबंधन में शामिल दलों ने किसी तरह की कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराई थी। सच कहा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी और उनके खास मंत्रियों के लिए 17वीं लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ सरकार चलाने का अनुभव भी सुखद रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं रहने वाला है।**



अब जबकि 18वीं लोकसभा में जादुई आंकड़े से भारतीय जनता पार्टी काफी दूर रह गई है, तब गठबंधन के मजबूत दलों के मिजाज पर निर्भर रहने जैसी विकट समस्या का सामना भी मोदी सरकार को करना होगा। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभाल ली है। यह भी अपने आप में इतिहास रचने जैसा कार्य ही है। राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम 7-15 बजे नरेंद्र मोदी समेत देशभर से एनडीए के 72 सांसदों ने मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली। प्रधानमंत्री मोदी की मंत्री परिषद में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं। सभी सहयोगी दलों को साधने के प्रयास में जनता दल युनाइटेड, जनता दल सेक्यूलर, तेलुगू देशम पार्टी, शिवसेना (शिंदे गुट), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक दल, हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम), द रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया को मिलाकर कुल 11 मंत्री भी इसमें शामिल हैं। यही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के कद्दावर नेताओं में शुमार होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी समेत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भी कैबिनेट में शामिल कर बहुत हद तक नाराजगी को दूर करने का काम भी किया गया है। इसके बाद भी अब मन की बात सुनाने के साथ ही दूसरों के मन की बात को भांपने जैसी चुनौती भी इस सरकार पर रहने वाली है।

यह तो रही आईने के सामने दिख रही तस्वीर, अब थोड़ा छुपी हुई तस्वीर पर नजर डालें, जिसमें समस्याएं ही समस्याएं नजर आती हैं। सबसे बड़ी किसान समस्या है, जिसे लेकर देश में लगातार आंदोलन हो रहे हैं। किसान आंदोलन ने चुनाव पहले जो माहौल बनाया, उससे भी मोदी सरकार की छवि बिगड़ी, जिसका असर चुनाव परिणाम में भी देखने को मिला है। संभवतः यही वजह रही कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले किसानों की फाइल पर ही हस्ताक्षर किए, ताकि देश के अन्नदाताओं तक संदेश जा सके कि वो किसानों की खुशहाली के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। किसान किन शर्तों पर मानेंगे और किस बात पर रुठेंगे यह अलग बात है। यहां दूसरी सबसे बड़ी समस्या जो पिछले कार्यकाल में भी परेशानी का सबब बनी रही, वह आर्थिक भ्रष्टाचार है। इसके तहत अमीर और अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब और गरीब होता चला गया है। आर्थिक अपराध करके जिन्हें विदेश जाना था वो तो चले गए, लेकिन देश में ऐसे लोगों पर जांच एजेंसियों ने शिकंजा कसा जिनका संबंध कहीं न कहीं विपक्षी खेमे से रहा। जिन्होंने समझदारी दिखाते हुए समय पर पार्टी बदल ली वो जांच एजेंसियों के चंगुल से बच रहे। ऐसे में संदेश यही गया कि मोदी सरकार अपने विरोधियों को किसी भी कीमत पर जेल भेजना चाहती है और वह देश की तमाम जांच एजेंसियों समेत सुरक्षा और न्याय प्रणाली को अपने हिसाब से चलाने का प्रयास कर रही है। इसके बाद लगातार सरकार पर हमले होते रहे, लेकिन चूंकि सरकार पूर्ण बहुमत वाली थी, अतः उसके कान पर जूं तक न रेंगी। विरोधी स्वर की परवाह किए बगैर मोदी सरकार वो तमाम फैसले लेती रही, जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव के परिणामों में देखने को मिला है। यही नहीं बल्कि हिंदू-मुसलमान, सिख्ख-ईसाई जैसे धार्मिक मसलों से भी मोदी सरकार की छवि आहत हुई। पहले मंदिर निर्माण का श्रेय लेने जैसा उपक्रम, फिर मस्जिद, मदरसों, चर्च, मठ और अल्पसंख्यक वर्ग के स्कूलों पर कथित तौर पर शिकंजा कसने के मामले ने तूल पकड़ा और हालात कई दफा बेकाबू भी होते दिखे। आतंकवाद और कश्मीर मसला जिसे एक झटके में समाप्त करने का खेल-खेला गया, वह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हंगामा करता दिखा है। जहां तक आतंकवाद की समाप्ति की बात है तो वह आज भी कश्मीर घाटी में सिर उठाए हुए है और मासूम लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। ये तमाम मसले ऐसे हैं, जिन से इस बार भी मोदी सरकार को दो-चार होना पड़ेगा।

## क्रांतिकारी बदलाव लाएगा चैटजीपीटी

साल 2022 में चैटजीपीटी के लॉन्च होने के बाद से ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चर्चा में है। चैटजीपीटी का पूरा नाम चैट जेनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफार्मर है। इसे 30 नवंबर 2022 को लॉन्च किया गया था। इसे ओपन एआई द्वारा विकसित किया गया है। चैट जीपीटी एक प्रकार का चैट बॉट है जो प्रश्न पूछे जाने पर सरल सहायक जैसे उत्तर प्रदान करता है। यह एक प्रकार का विशेषज्ञ होता है जिसकी संचार कौशल उत्कृष्ट होती है, लेकिन यह कोई इंसान नहीं है, यह एक कंप्यूटर प्रोग्राम है जो आपके सवालों के जवाब देने के लिए पहले से तैयार डेटा और जानकारी का उपयोग करता है। कुछ साल पहले टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में उम्मीदें जताई जा रही थीं कि यह नई पीढ़ी तक खबर पहुंचाएगा और टेक्नोलॉजी की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। चैट जीपीटी को आसान शब्दों में समझें तो आप इसे एक वर्चुअल असिसटेंट के रूप में सोच सकते हैं, जो आपके हर सवालों के जवाब देता है. यह भी उम्मीद थी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से हमें चर्चा और सूचना फैलाने का कारगर तरीका मिल जाएगा, लेकिन व्यवहार में इसका उल्टा हो रहा है। एक तरफ टेक्नोलॉजी ने आर्थिक और सामाजिक विकास किया है, वहीं दूसरी तरफ नशीली दवाओं के इस्तेमाल में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेट लोगों की राजनीति में रुकावटें पैदा करने और जागरूकता फैलाने का एक शक्तिशाली साधन बनकर उभरा है। अपने सरलतम रूप में, एआई को कंप्यूटर का उपयोग करके उन चीजों को करने के रूप में समझा जा सकता है, जिनके लिए अन्यथा मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है। इसका एक उदाहरण इन दिनों माइक्रोसॉफ्ट के चैटजीपीटी और गूगल के बोर्ड के बीच एआई बाजार पर कब्जा करने की चल रही होड़ है। ड्राई क्लीनिंग के कारण गहरे प्रदूषण की समस्या और गंभीर हो गई है। दरअसल, डीप लॉगिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी दूसरे व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इस माध्यम से ऐसी मूर्तियां या तस्वीरें बनाई जा रही हैं जो बिल्कुल असली लगती हैं। एक बार ऐसे वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड हो जाने के बाद वे बहुत तेजी से फैलते हैं। इंटरनेट पर ऐसे सैकड़ों डीपफेक वीडियो उपलब्ध हैं। भारत जैसे देश में, जहां डिजिटल साक्षरता बहुत अधिक है, डीपफेक वीडियो एक गंभीर समस्या है। जब लोगों को डीपफेक वीडियो मिलता है, तो वे उसे तुरंत फॉरवर्ड करने में संकोच नहीं करते। एआई की अगली पीढ़ी, जिसे जनरेटिव एआई कहा जाता है, इस समस्या को अगले स्तर पर ले जाती है। डॉक्स, चैटजीपीटी, मेटा और मेक-ए-वीडियो जैसी साइटों पर, आप इस तरह के वीडियो बना सकते हैं जो अनिवार्य रूप से काल्पनिक हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में एक फोटो वायरल हुई जिसमें राष्ट्रपति बराक ओबामा और एंजेला मार्गोट समुद्र तट पर छुट्टियां मनाते नजर आ रहे हैं, लेकिन यह फोटो एआई द्वारा बनाई गई थी। इन साइटों को वीडियो या गाने को बदलने के लिए किसी मूल स्त्रोत की आवश्यकता नहीं होती है। वे सामग्री के आधार पर एक छवि, पाठ या वीडियो बना सकते हैं। इससे भविष्य में बहुत नुकसान हो सकता है क्योंकि हमारे पास सबूत के तौर पर मूल सामग्री नहीं होगी। हाल ही में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किए गए दो सिजलिंग वीडियो और एक अखबार की रिपोर्ट, ग्रीनशॉट, डिजिटल रूप से परिवर्तित एसजीडी, वीडियो निर्माण में एआई टूल्स द्वारा उत्पन्न खतरों को उजागर करते हैं। एसी नीलसन की हालिया इंडिया इंटरनेट रिपोर्ट 2023 चौंकाने वाली है। इसमें 42.5 करोड़ अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता ग्रामीण भारत में हैं, जो शहरी भारत के 29.5 करोड़ लोगों से 44त्न अधिक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि लगभग आधा ग्रामीण भारत इंटरनेट पर है, जिसके और बढ़ने की संभावना है। सोशल मीडिया नए चैंबर भी बना रहा है जिसमें समान रुचियों और झुकाव वाले लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। ऐसे में डीप वीडियो ब्रॉडकास्टिंग को बढ़ावा देकर मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच को बुनियादी शिक्षा में पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सकता है। लोगों को डूबने से बचाने में मदद करने के लिए समग्र दृष्टिकोण बनाने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

# मध्यप्रदेश में खास रही स्त्री शक्ति की भूमिका, लोकसभा की सभी सीटें जीतकर भाजपा ने रचा इतिहास

**प्रो. संजय द्विवेदी**

मध्यप्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा ने कठिन समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा सहारा दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश की महिला मतदाताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव अभियान से ही प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में सबसे खास चेहरा बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था और भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। %मोदी के मन में मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के मन में मोदी% यह मुख्य नारा था, जिसमें संगठन के परिश्रम ने प्राण फूंक दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी एक असाधारण घटना है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में अपनी लोकप्रियता और प्रासंगिकता बनाए रखना इतना आसान नहीं होता। भाजपा जैसे दल के लिए जिसने 8 वें दशक में सिर्फ दो लोकसभा सीटों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की हो, यह चमत्कार ही है। अनपेक्षित परिणामों के बाद भी केंद्र में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी और एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन है। मध्यप्रदेश वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अद्भुत समन्वय से चलने वाला राज्य रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की जुगलबंदी ने जो इतिहास रचा है, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेन्द्र शुक्ल, फग्गन सिंह कुलस्ते, वीरेंद्र कुमार जैसे अनेक नेता भाजपा के सामाजिक और भौगोलिक विस्तार को स्थापित करते हैं। संघ की प्रयोगभूमि होने के कारण मध्यप्रदेश पर पूरे देश की निगाह थी। मध्यप्रदेश में यह वैचारिक यात्रा हिंदुत्व, भारतबोध की यात्रा तो है ही समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी ने इसे सफल बनाया है। स्त्री शक्ति इसमें सबसे प्रमुख है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां स्त्री शक्ति को भाजपा के साथ गोलबंद करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही सामान्य जन के जीवन स्तर को उठाने के प्रयास किए। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को संबल दिया, जिस बदलाव को स्त्री शक्ति ने महसूस किया। स्त्री भारतीय परिवारों की धुरी है। भारतीय राजनीति में स्त्री को इस तरह से केंद्र में रखकर कभी विचार नहीं किया गया। यह बात रेखांकित करना चाहिए कि आखिर देश की राजनीति में स्त्री के सवाल हाशिए पर क्यों रहे हैं? स्त्री आखिर चाहती क्या है? वह चाहती है सुखद, सुरक्षित, आनंदमय जीवन और अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य। एक अदद छत जिसमें वह अपने परिवार के साथ चैन से रह सके। नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। वे परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस




जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। कोरोना संकट में देश और उसके नागरिकों की अभिभावक की तरह चिंता करके प्रधानमंत्री ने लोगों के मन में जगह बना ली। वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ परिवारों को राशन ने स्त्रियों के मन में सरकार के प्रति भरोसा जगाया। स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को %मामा% के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली। भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाएं और केंद्र की योजनाओं ने कमाल किया। भरोसा पैदा किया। मोदी ने 2014 में सत्ता में आते ही अपनी सरकार को गरीबों के कल्याण के समर्पित होने की %घोषणा% की थी। यह घोषणा बाद के 10 सालों में %संकल्प% सरीखी नजर आई। भरोसा जगाते हुए मोदी देश के दिल में उतरते चले गए। मध्यप्रदेश में नरेंद्र मोदी के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान तब भी प्रकट हुआ, जब विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त किया। इसके लिए पीएम ने सार्वजनिक मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की पीठ भी ठोंकी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लालड़ी बहना योजना को चुनावों में प्रभावित करने वाला बताते हैं। संसद और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण बिल पास करवाना भी केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि रही। लंबे समय से लंबित यह बिल अनेक सरकारों के प्रयास के बाद भी पास नहीं हो सका था। मोदी सरकार की स्त्री मुद्दों पर प्रतिबद्धता भी इससे जाहिर हुई। साथ ही इस संसदीय चुनाव में देश में भाजपा ने 69 महिलाओं को टिकट दिया। कांग्रेस ने 41 महिला प्रत्याशी उतारे।? संकेत और संदर्भ राजनीति को प्रभावित करते हैं। ऐसे में भाजपा की ओर स्त्री शक्ति का आकर्षण सहज ही है। आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ग की महिलाओं में भाजपा की लोकप्रियता किसी अन्य दल से ज्यादा है। मोदी वैसे भी सामान्य रूप से सभी वर्गों के आकर्षण के केंद्र हैं।

# मथुरा में सड़क हादसे में श्रद्धालु की मौत

## छत्तीसगढ़ से परिवार के साथ आये थे, परिक्रमा लगाते समय अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी

**मीडिया ऑडीटर, मथुरा एजेंसी।** मथुरा के थाना कोतवाली वृंदावन क्षेत्र में सोमवार की दोपहर अनियंत्रित कार ने परिक्रमा दे रहे श्रद्धालु में टक्कर मार दी। हादसे में श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**देवरहा बाबा घाट के समीप हुआ हादसा:** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला निवासी 66 वर्षीय मदन शाह अपने परिवार,बेटी दामाद के साथ मथुरा वृंदावन दर्शन करने आए थे। सोमवार को मदन शाह वृंदावन की अकेले परिक्रमा देने के लिए निकल लिए।

मदन शाह जैसे ही देवरहा बाबा घाट की तरफपहुंचे कि तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार






ने उनमें टक्कर मार दी। हादसे में मदन शाह की मौके पर ही मौत हो गई।

**परिवार गया था प्रेमानंद महाराज का सत्संग सुनने:** मदन शाह के दामाद नितिन शाहू ने बताया कि वह 8 जून को वृंदावन आए थे। 13 लोगों के साथ वृंदावन आए मदन शाह और उनका परिवार कालीदह क्षेत्र में एक होटल में रुक गया। सोमवार को परिवार के सदस्य प्रेमानंद महाराज का सत्संग सुनने गया था। पीछे से उनके ससुर परिक्रमा लगाने के लिए निकल गए।

**फोन करने पर हुई हादसे की जानकारी:** नितिन ने बताया जब वह करीब 12 बजे होटल पहुंचे तब उन्होंने अपने ससुर को फोन किया। ससुर का फोन किसी पुलिस कर्मी ने उठाया। जिस पर हादसे की जानकारी दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के सभी लोग अस्पताल पहुंचे जहां पता चला कि उनकी मृत्यु हो गई है। नितिन ने बताया उनके ससुर हेड मास्टर से रिटायर हुए थे।

**पुलिस ने कार को लिया कब्जे में:** हादसे की सूचना मिलते ही देवरहा बाबा घाट पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार स्विफ्ट को कब्जे में ले लिया। कार चला रहा व्यक्ति अयोध्या का रहने वाला बताया गया है जो एक आश्रम में रह कर संस्कृत की पढ़ाई कर रहे अपने भाई से मिलने आया था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# नर्सिंग होम को बंद करने का आदेश

## निगम और पर्यावरण से नहीं लिया एनओसी, छापेमारी के बाद की गई कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग स्वास्थ्य विभाग ने अग्रवाल हाइट्स भगत सिंह चौक के पास संचालित एक निजी नर्सिंग होम को बंद करने का आदेश दिया है। यह नर्सिंग होम बायो मेडिकल वेस्ट से जुड़ा लाइसेंस के बिना लगभग डेढ़ साल से संचालित था। अब तत्काल बंद कर नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला ने बताया कि नर्सिंग होम का संचालन बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन से संबंधित निगम और पर्यावरण विभाग से एनओसी लिए बिना किया जा रहा था। इसी को लेकर उन्होंने नर्सिंग होम पर छापा मारा।

**निगम और पर्यावरण से एनओसी नहीं:** छापेमारी के दौरान जब दस्तावेजों की जांच की गई तो पाया गया कि नर्सिंग होम ने 13 जनवरी 2022 से लेकर 12 जनवरी 2027 तक नर्सिंग होम एक्ट का लाइसेंस लिया है, लेकिन इसके बाद निगम और पर्यावरण से एनओसी नहीं है।

हॉस्पिटल प्रबंधन को निगम व पर्यावरण विभाग से बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल से जुड़ी जो एनओसी मिली थी, वो 30 नवंबर 2021 से लेकर 29 नवंबर 2022 तक की मिली थी। उसके बाद से आज तक ये नर्सिंग होम बिना एनओसी के संचालित हो रहा है।

**नर्सिंग होम को तत्काल बंद करने की नोटिस:** डॉ. शुक्ला ने बताया कि बिना बायो मेडिकल वेस्ट से जुड़ी एनओसी लिए निर्सिंग होम का संचालन करना नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है। इसके लिए हॉस्पिटल प्रबंधन को नोटिस जारी कर पूछा गया है कि क्यों ना आपकी इस लापरवाही को उच्चाधिकारियों के सामने रखा जाए ओर लाइसेंस को रद्द करने की कार्रवाई की अनुशंसा की जाए।

नोटिस में नर्सिंग होम संचालक को तत्काल नर्सिंग होम को बंद करके सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

# घर की रसोई में निकला कोबरा सांप

## कारपेट में घुसकर बैठा था नाग, रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कुसमुंडा इलाके में एक घर में अचानक कोरबा सांप निकल आया। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। रेस्क्यू टीम ने सांप का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक, रविवार रात करीब 9.30 बजे परिवार खाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच महिला किचन में खाना निकालने गई, तो एक विषैला सांप बैठा दिखा। कारपेट में घुसकर छिप गया। सिर्फउसका सिर दिख रहा था।

**जितेंद्र सारथी ने किया रेस्क्यू:** इसकी सूचना वाइल्डलाइफरेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गई। जिसके बाद वो कुसमुंडा आए और घर पहुंचकर सांप का रेस्क्यू किया। जितेंद्र सारथी ने बताया कि यह कोबरा (नाग) सांप है। यह बहुत जहरीला होता है। खतरा महसूस होने पर ही काटता हैं।

**जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया:** अच्छी बात यह थी कि रसोई में भोजन बनाने से लेकर खाने की तैयारी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। आखिरकार कोबरा सांप को डिब्बे में बंद किया गया। जिसके बाद घर वालों ने राहत भरी सांस ली। उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

# बकरे की बलि चढ़ाकर लौटते वक्त पलटी पिकअप, 13 घायल

## बलौदाबाजार में 6 की हालत नाजुक, मल्दा गांव से गए थे तुरतुरिया

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 13 लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मल्दा से तुरतुरिया माता दर्शन करने गए थे। घर लौटते वक्त टेमरी ग्राम के पास पिकअप पलटी है। पूरा मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक पिकअप में लगभग 30 लोग सवार थे। 13 घायलों में 6 लोगों को गंभीर चोट आई हैं, जिन्हें बलौदाबाजार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बलि देकर लौट रहे थे घर:** दरअसल, मलदा गांव के केवट परिवार के लोग रविवार सुबह 5 बजे तुरतुरिया में मनोकामना पूर्ण होने पर पूजा अर्चना करने पहुंचे



थे। इसके बाद वहां बकरे की बलि भी चढ़ाई। बलि देकर दोपहर 3 बजे घर लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

**13 घायल, 6 को गंभीर चोट:** कसडोल अस्पताल के डॉ. रवि अजगल्ले ने बताया कि सड़क हादसे में घायल 13 में 6 की हालत गंभीर थी, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। घायलों में सहोदरी बाई कैवर्त, गोल बाई, कुसुम, दिलेश्वरी, लीला, गायत्री बाई, राजाराम, लोकेश कुमार, मिलन बाई, गंगा बाई, सोन बाई सहित अन्य शामिल हैं।

**ड्राइवर की लापरवाही से पलटी गाड़ी:** कसडोल थाना के एएसआई एम एन बंजारे ने बताया कि ड्राइवर की लापरवाही से गाड़ी पलटी है। मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# शराब और महादेव घोटाले पर पेशी

## अनवर-अरुणपति,अरविंद और ढिल्लन को किया जाएगा कोर्ट में पेश




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर स्पेशल कोर्ट में आज दो बड़े मामले शराब घोटाले और महादेव सट्टा ऐप केस में सुनवाई होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शराब घोटाला मामले जेल में बंद आरोपी अनवर ढेबर, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, अरविंद सिंह और अरुणपति त्रिपाठी से पूछताछ करना चाहती है। इसके लिए चारों आरोपियों को प्रोडक्शन रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया गया है। आज दोपहर सभी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

वहीं ईओडब्ल्यू की टीम महादेव सट्टा एप में जेल में बंद नीतीश दीवान से सवाल जवाब करना चाहती है। इसके लिए ईओडब्ल्यू की ओर से नीतीश की प्रोडक्शन रिमांड को लेकर आवेदन लगाया गया है। इस पर भी आज सुनवाई होगी और आरोपी को पेश किया जाएगा

**पिछली सुनवाई में नहीं हो पाया फैसला:** इससे पहले दोनों ही मामलों में 5 जून को सुनवाई हुई थी लेकिन ईडी और ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट के जज छुट्टी पर थे। इसके बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों ही मामले में बचाव पक्ष ने प्रोडक्शन रिमांड पर देने का विरोध किया। लंबी बहस के बाद फैसला नहीं हो पाया था। सुनवाई के बाद जज ने इस मामले में 10 जून की तारीख तय की थी।

**अनवर ढेबर के बेटे से भी ईओडब्ल्यू ने की पूछताछ:** 2000 करोड़ के शराब घोटाले केस में कारोबारी अनवर ढेबर के बेटे जुनैद ढेबर से शुक्रवार को ईओडब्ल्यू ने लंबी पूछताछ की। उसे दोपहर 1 बजे ईओडब्ल्यू दफ्तर बुलाया गया, जहां रात 8 बजे तक सात घंटे पूछताछ हुई। अधिकारी लगातार गड़बड़ी के बारे में पूछते रहे फिर देर रात जुनैद को छोड़ दिया गया। इस मामले में दोबारा बुलाकर भी पूछताछ हो सकती है।

**यूपी एसटीएफ ने भी लगाया है आवेदन:** लीकर स्कैम मामले में नोएडा पुलिस ने नकली होलोग्राम मामले में अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी और रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। यूपी एसटीएफ की टीम तीनों आरोपियों से पूछताछ के के लिए यूपी ले जाना चाहती है। यूपी एएसटीएफ ने तीनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट में ले जाने के लिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई 12 जून को होनी है

**महादेव सट्टा ऐप की पैनल ऑपरेटर टीम में था नीतीश:** ईडी की जांच के बाद ईओडब्ल्यू भी लगातार जांच कर रहा है। इस मामले में जेल में बंद निलंबित एएसआई से पूछताछ करने बाद ईओडब्ल्यू ने महादेव सट्टा ऐप से जुड़े लोगों के 29 ठिकानों पर छापे मारे थे। वहीं अब टीम नीतीश दिवान से पूछताछ करना चाहती है।

इससे पहले ईडी ने जांच के दौरान पाया कि नीतीश दिवान महादेव सट्टा ऐप की पैनल ऑपरेटर टीम में था। यह उन्हीं के साथ 2 साल तक दुबई में रहा है। नीतीश ने महादेव ऐप के पैसों को क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किया है। नीतीश का काम पैनल ऑपरेटर को समय-समय पर चेक करना होता था।

महादेव ऐप से आने वाली अवैध कमाई को प्रमोटर के कहने पर अपने अकाउंट के जरिए इधर-उधर ट्रांसफर करता था। सट्टे के पैसों को नीतीश दीवान के जरिए इन्वेस्ट किया गया है। इसके नाम से दुबई में कई प्रॉपर्टी खरीदी गई हैं।

# 12वीं के छात्र ने लगाई फांसी

## कमरे में फंदे पर लटका मिला शव, मां बोली- इसी साल अच्छे नंबरों से पास हुआ था

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 12वीं के छात्र कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि रात में जब घर के सभी लोग सो गए थे, तब ये कदम उठाया है। सुबह सबसे लाश को छात्र की मां ने देखा था। पूरा मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के सेंदरी गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृत छात्र का नाम नीरज रत्नाकर (18) है। आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है। पामगढ़ पुलिस हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।

**घर में मां-बेटे ही थे:** नीरज की मां ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ घर में रहती है। नीरज



के पिता ड्राइवर हैं, वह अक्सर घर से बाहर रहते हैं। उसे दिन भी मां-बेटे घर में थे। दोनों रात में खाना खाकर सो गए थे। इसी बीच रात में बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

**अच्छे नंबर से पास हुआ था बेटा:** नीरज की मां ने बताया कि वह इस साल 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी कर अच्छे नंबर से पास हुआ था, लेकिन किस वजह से घातक कदम उठाया है, पता नहीं चल रहा है। अपनी परेशानियों को लेकर बेटे ने कुछ बताया भी नहीं।

**फांसी के फंदे से लटका मिला युवक:** मां ने बताया कि वह सुबह उठी तो नीरज को आवाज लगाई, लेकिन वह उठा नहीं। नीरज अपने कमरे से बाहर नहीं निकाला और जवाब भी नहीं दिया, जिसके बाद नीरज की मां ने पड़ोसियों को बुलाया। खिड़की से झांक कर देखने पर नीरज रत्नाकर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

**शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा:** पड़ोसियों ने आनन-फानन में घटना की जानकारी पामगढ़ पुलिस को दी। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और दरवाजे को तोड़कर अंदर गई। शव को नीचे उतर कर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**पुलिस हर एंगल से कर रही तफ्तीश:** पामगढ़ पुलिस का कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। किस कारण से आत्महत्या की है यह जांच का विषय है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

## चलती कार में लगी आग, इंजन में शॉर्ट सर्किट से निकला धुआं

**जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में चलती वैगेनार कार में अचानक आग लग गई। हादसे में कार सवार ड्राइवर बाल-बाल बचा। कार के इंजन से धुआं निकलता देख ड्राइवर निकल गया। देखते ही देखते कार आग की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भदरा मुख्य मार्ग की है।


मिली जानकारी अनुसार, मेहंदी गांव निवासी की है, जिसमें चालक कार वैगेनार से कोरबा गया हुआ था। कोरबा से वह वापस अपने घर आ रहा था, तभी देर शाम रात 7.50 बजे भदरा गांव के मुख्य मार्ग पर पहुंचा था कि अचानक कार के इंजन से धुआं निकलने लगा।

# बिलासपुर में 1 लाख बड़े पौधे लगाने का लक्ष्य

## सड़क किनारे फलदार, छायादार और सदाबहार फूल लगाए जाएंगे, फ्री में मिलेंगे 40 हजार पौधे

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर नगर निगम ने पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी स्मार्ट रोड की तर्ज पर कई ऑक्सीजोन बनाने का निर्णय लिया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने साल 2021 में 7 करोड़ की लागत से निर्मित सर्वसुविधायुक्त इस स्मार्ट रोड को ऑक्सीजोन घोषित करते हुए दोनों ओर 1100 पौधे रोप कर शुरुआत की थी।

स्मार्ट सिटी ने इस बार एक लाख पौधे लगाने का टारगेट रखा है, जो बड़े छायादार और सदाबहार फूलों के होंगे, ताकि कांक्रीट का जंगल बनते शहर की सड़कों को हरा भरा बनाया जा सके।





**राजीव प्लाजा रोड को हरा भरा करने खास प्लान:** कमिश्नर ने बताया कि राजीव प्लाजा रोड के दाईं ओर बेजा कब्जा हटाने के बाद खाली हुए करीब 500 मीटर क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा, ताकि वहां का माहौल बदल सके। राजीव प्लाजा रोड पूरी तरह व्यस्त सड़क है, जहां हरियाली लाने अलग से प्लानिंग की जा रही है, ताकि यह हिस्सा शहर की शान बन सके।

उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर पौधे लगाए जाने हैं, उनमें रोड किनारे, मल्टी परपज हाई स्कूल मैदान जहां 24 करोड़ रुपए खर्च कर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है, निगम के चिल्हाटी, मंगला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, मंगला - कोनी रोड आदि का चिन्हांकन किया गया है।

**40 हजार पौधे फ्री मिलेंगे:** नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि पौधरोपण के लिए वन विभाग से 40 हजार पौधे नि:शुल्क मिलेंगे। शेष 60 हजार पौधे वन विभाग से रियायती दरों पर लिए जाएंगे, आवश्यकतानुसार नर्सरी से भी पौधे लिए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि रोड किनारे, फेंसिंग वाली खाली जमीन और ऐसे स्थान जहां पौधों की नियमित देखरेख हो सके, छायादार, फलदार और सदाबहार फूलों के बड़े पौधे लगाए जाएंगे, ताकि उनकी बढ़वार जल्दी हो सके।


इनमें गुलमोहर, नीम, आम, अर्जुन, जामुन, आंवला, खम्हार, बादाम आदि के अतिरिक्त पिरामिड के आकार में बढ़ने वाले क्रीपा कारपस इलेक्ट्रस जैसे खूबसूरत पौधे भी शामिल हैं।

# नवाज की मोदी को बधाई, लिखा-नफरत नहीं उम्मीद लाएं

## मिलकर 200 करोड़ लोगों की किस्मत बदलें; शहबाज ने चुनाव के 6 दिन बाद दी शुभकामनाएं

**पाकिस्तान ( एजेंसी )।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने बधाई दी है। शरीफ ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी को मेरी हार्दिक बधाई। चुनावों में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों का भरोसा दिखाती है।

नवाज शरीफ ने आगे लिखा, आइए हम नफरत की जगह उम्मीद लाएं और इस मौके पर दक्षिण एशिया के दो अरब (200 करोड़) लोगों की किस्मत को बदलें। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेंद्र मोदी को चुनावी नतीजों के 6 दिन बाद बधाई दी थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मोदी को एक लाइन की



बधाई देते हुए लिखा, नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं। शाहबाज शरीफ शनिवार को ही चीन के दौरे से पाकिस्तान लौटे हैं। इससे पहले जब भारत के चुनावी नतीजों पर किए सवाल पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हम सरकार बनने का इंतजार करेंगे। उसी के बाद कुछ कहेंगे।

**भारत ने गलत बयानबाजी की हम जिम्मेदार बने रहे:** भारत में नई सरकार पर पाकिस्तान ने कहा था कि वह सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते चाहता है। वह किसी भी विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को कहा था, भारत की तरफ से हो रही बयानबाजी और तमाम मुश्किलों के बावजूद हमने जिम्मेदार रवैया अपनाया है।

मुमताज ने आगे कहा, हम भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विवाद समेत सभी मसलों को बातचीत के जरिए हल निकालने को तैयार हैं। हम शांतिपूर्ण तरह से साथ मिलकर आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। हमें उम्मीद है कि दोनों देशों में शांति बनाए रखने के लिए भारत भी बातचीत से समस्याओं का हल निकालने की कोशिश करेगा।

**भारत-पाक संबंधों का खास इतिहास रहा है:** पिछले 4 महीनों में पाकिस्तान के अलग-अलग मंत्री कई बार भारत से रिश्ते सुधारने को लेकर बयान दे चुके हैं। अप्रैल में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उम्मीद जताई थी कि भारत में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते सुधरेंगे। उन्होंने कहा था कि भारत-पाक संबंधों का अपना एक खास इतिहास रहा है। ऐसे में चुनाव के बाद हालात बदलने की उम्मीद है।

# रूस में घुसकर यूक्रेन ने तबाह किया सुखोई-57



**रूस ( एजेंसी )।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेनी सेना ने रविवार (9 जून) को बताया कि उसने रूस की सीमा के अंदर एक सैन्य अड्डे को तबाह कर दिया। अमेरिकी मीडिया हाउस ष्टह्लह्ल के मुताबिक, इस हमले में रूस के नए और सबसे एडवांस लड़ाकू विमान सुखोई-57 को यूक्रेनी सेना ने ड्रोन की मदद से उड़ा दिया है।

यूक्रेनी सेना ने यह हमला रूस के अस्त्राखान शहर के एयरबेस पर किया है, जो जंग की जगह से 600 किलोमीटर दूर है। स्ह्व-57 दुनिया के सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान में से एक है, जिसकी स्पीड 2,130 किलोमीटर प्रति घंटा है। ये फाइटर जेट कितना ताकतवर है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नाटो सुखोई को स्न्द्गद्यश्ठ्ठ यानी हत्यारा कहकर बुलाता है।

हमले की सैटेलाइट तस्वीर भी सामने आ चुकी है, जिसमें 7 जून को अस्त्राखान एयरबेस पर स्ह्व-57 नजर आ रहा है, पर 8 जून को उसी जगह पर आग और धुआं उठता नजर आया। हमला इतना भयानक था कि आस-पास सिर्फ गड्ढे नजर आ रहे हैं।

**रूस के पास 32 सुखोई-57 लड़ाकू विमान:** यूरो न्यूज के मुताबिक, रूस के पास केवल 32 लड़ाकू विमान स्ह्व-57 हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2028 तक 76, स्ह्व-57 को तैयार करने का लक्ष्य रखा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार (8 जून) को बताया था कि उसके अस्त्राखान शहर में तीन यूक्रेनी ड्रोन दाखिल हुए थे। रूसी सेना ने इन्हें मार गिराया था। हालांकि मंत्रालय ने स्ह्व-57 पर अटैक के बारे में कुछ नहीं कहा।

**पश्चिमी देशों के हथियारों को रूस के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन:** रूस ने 10 मई से खार्किव में हमले तेज कर दिए थे। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और पश्चिमी देशों से उनके दिए गए हथियारों को रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने की मंजूरी मांगी थी। फिर 31 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ उसके हथियारों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी थी।पश्चिमी देशों के हथियारों से अब यूक्रेनी सेना रूसी सेना को अपनी सीमा से पीछे धकेलने में लगी हुई है। गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन को अपने शक्तिशाली लड़ाकू विमान मिराज देने की घोषणा की थी।

# रेप के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कर्नाटक की एक अदालत ने बलात्कार और छेड़छाड़ के मामले में निलंबित जनता दल (सेक्युलर) नेता प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार सुबह मौके पर पूछताछ पूरी करने के बाद किसी और हिरासत की मांग नहीं की। सेक्स टेप मामला सामने आने के बाद प्रज्वल अप्रैल में देश छोड़कर जर्मनी चले गए थे। दुनिया भर के सभी आव्रजन बिंदुओं पर उसके खिलाफ कई लुकआउट नोटिस जारी किए गए थे। वह 31 मई को बेंगलुरु लौटे और एसआईटी टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में सभी महिला पुलिसकर्मियों की एक टीम को जद (एस) के पूर्व सांसद को गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया था, जो 31 मई को जैसे ही कर्नाटक एसआईटी द्वारा एक प्रतीकात्मक संदेश की तरह लग रहा था।

# मणिपुर में सीएम के काफिले पर हमला

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के जिरिबाम में उग्रवादियों ने मणिपुर सीएम एन. बीरेन सिंह के सुरक्षा दस्ते पर हमला किया। यह सुरक्षा दस्ता हिंसा प्रभावित जिरिबाम में सीएम की सभा से पहले तैयारियों का जायजा लेने जा रहा था। जब सुरक्षा काफिला कोटलेन पहुंचा तो उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें ड्राइवर समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए। हमले के वक्त मुख्यमंत्री काफिले में नहीं थे। इस हमले को बीरेन सिंह ने निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह हमला राज्य के लोगों पर हमला है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुख्यमंत्री पर किया गया हमला राज्य की जनता पर किया गया हमला है। इसलिए राज्य सरकार को एक्शन लेना होगा। मैं अपने सभी साथियों से सलाह लेने के बाद कोई फैसला लूंगा। मणिपुर के जिरिबाम जिले में 6 जून की शाम को मैतेई बुजुर्ग की हत्या के विरोध में इलाके में हिंसा भड़क गई। मृतक की पहचान 59 साल के सोइबाम सरतकुमार सिंह के तौर पर हुई है। वह गुरुवार सुबह अपने खेत के लिए निकले थे, बाद में उनकी



डेडबॉडी मिली जिसपर किसी धारदार हथियार से घाव किए गए थे। इस घटना के बाद गुस्साए गांववालों ने जिरिबाम पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि चुनाव से पहले उनसे जो लाइसेंस वाले हथियार लिए गए थे, वे उन्हें लौटा दिए जाएं। जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में मौजूद स्टेट पुलिस कमांडो अधिकारियों को शनिवार को जिरिबाम पहुंचने का निर्देश दिया है।

# मराठा हितों का विरोध करने का परिणाम विधानसभा चुनाव में मिलेगा, जरांगे की कांग्रेस को चेतावनी

**महाराष्ट्र ( एजेंसी )।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस मराठा समुदाय के हितों के खिलाफ बोल रही है और इसके परिणाम उसे इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भुगतने होंगे। जालना के अंतरवाली सारथी गांव में अपने अनिश्चितकालीन अनशन के तीसरे दिन संवाददाताओं से बात करते हुए जरांगे ने मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की अपनी मांग दोहराई, जिसमें कुनबियों को मराठा समुदाय के



सदस्यों के 'रक्त संबंधी के रूप में मान्यता दी गई है और उन्होंने कुनबियों की मराठा के रूप में पहचान के लिए एक कानून की मांग की। जालना से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कल्याण काले ने सोमवार को गांव का दौरा किया और जरांगे से मुलाकात की। कुनबी एक कृषि समूह है जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। इस वर्ष फरवरी में महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था जिसमें एक अलग श्रेणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया।

## 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 18 जून से शुरू होगा शुरु

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीते दिन पीएम मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। बताया जा रहा है कि पीएम के तीसरे कार्यकाल का पहला संसद सत्र 18 जून से शुरू होगा। सत्र की शुरुआत में नए सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। यह समारोह 18 से 19 जून को होगा। इसके बाद 20 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुना जा सकता है। वहीं 21 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का दोनों सदनों में अभिभाषण होगा। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन यानि की सोमवार से पीएम ने काम शुरु कर दिया। सबसे पहले उन्होंने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी।

# नई जनगणना करवाए सरकार, ओबीसी जातियों की आबादी का आंकड़ा भी दे-कांग्रेस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने सोमवार को नई जनगणना कराने और इसमें जाति आधारित आंकड़े देने की मांग दोहराते हुए कहा कि ऐसा करने से संविधान में निहित सामाजिक न्याय को सही अर्थ मिलेगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से यह आग्रह भी किया कि नई जनगणना में अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के रूप में वर्गीकृत समुदायों की जनसंख्या पर भी डेटा दिया जाना चाहिए। रमेश ने 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''केंद्र सरकार हर 10 साल में



सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक देशव्यापी जनगणना करवाती है। पिछले रिकॉर्ड के हिसाब से जनगणना 2021 में होनी थी। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने इसे अब तक नहीं करवाया है। उन्होंने दावा किया कि 2021 में जनगणना न होने का एक दुष्परिणाम यह है कि कम से कम 14 करोड़ भारतीय, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना था, ''एक तिहाई प्रधानमंत्री को जल्द से जल्द देश को बताना होगा कि नई जनगणना कब कराई जाएगी।

# मोदी बहुमत हासिल नहीं कर सके, उनकी जगह भाजपा को नया नेता चुनना चाहिए-टीएमसी



**कोलकाता ( एजेंसी )।** भारतीय तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल) सांसद सागरिका घोष ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक नया नेता चुनना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जगह किसी और को प्रधानमंत्री के तौर पर चुनना चाहिए क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में पूरा चुनाव प्रचार उन पर केंद्रित होने के बावजूद बहुमत हासिल नहीं कर सके। राज्यसभा सदस्य घोष ने कहा कि तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार शाम को मोदी और केंद्रीय मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने घर की सभी लाइटें बंद कर दीं और अंधेरे में बैठी रहीं। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को हुए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा नहीं लिया।

# स्वाति मालीवाल केस में बिभव कुमार की और बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने के लिए भारतीय दंड संहिता की नयी धारा जोड़ी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के साक्ष्य को मिटाने या अपराधी को बचाने के लिए गलत सूचना देना) जोड़ी गई है। उन्होंने बताया कि धारा 201 के अंतर्गत मामले में सबसे बड़े अपराध के लिए दी गई सजा के छठे हिस्से के बराबर कारावास का प्रावधान है।



कुमार के खिलाफ 16 मई को भादसं के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें महिला को आपराधिक धमकी, हमला या बल प्रयोग और गैर इरादतन हत्या के प्रयास से संबंधित धाराएं शामिल हैं।

# आतंकवादी हमले में मारे गए मृतकों के परिवारों के लिए मदद राशि का ऐलान

**जम्मू-कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में गत दिवस यात्री बस पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए सरकार द्वारा राहत राशि का ऐलान कर दिया गया है। सरकार ने ऐलान किया है कि इस आतंकवादी हमले में जो लोग मारे गए हैं उनके परिवारों को 10-10 लाख की राहत राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50-50 हजार की राहत राशि दी जाएगी। गौरतलब है कि 9 जून रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों द्वारा श्रद्धालुओं से भरी बस पर हमला किया गया था। जिसके बाद बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हमले में एक बच्चे समेत 9 लोगों की मृत्यु हुई है व 33 लोग घायल हुए हैं। हमले के बाद स्थानीय लोगों में रोष पाया जा रहा है। लोगों ने बताया कि हजारों-लाखों की संख्या में यात्री यहां आते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यहां आने वाले यात्रियों व रहने वाले स्थानीय लोगो की सुरक्षा को यकीनी बनाया जाए।

# ट्रैटर बेचकर पाकिस्तान का मैच देखने न्यूयॉर्क पहुंचा फैन, भारत से मिली करारी हार से हुआ निराश





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने न्यूयॉर्क में एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान पर अपनी सातवीं टी20 विश्व कप जीत हासिल की, जिससे भारतीय प्रशंसकों में खुशी का माहौल है और पाकिस्तानी समर्थकों में शोक है। जसप्रीत बुमराह के असाधारण तीन विकेट और ऋषभ पंत की जवाबी आक्रमणकारी पारी से छह रन की चमत्कारी जीत ने भारत की विश्व कप की उम्मीदों को जीवित रखा और ऐताहिसक मैच एक बार फिर से अपने नाम किया। नासाउ काउंटी स्टेडियम में हुए मैच में रिकॉर्ड उपस्थिति देखी गई, प्रशंसकों ने तनावपूर्ण लड़ाई देखी जो नाटकीय अंदाज में समाप्त हुई। मैच के बाद, स्टेडियम के बाहर के दृश्य इस बात का प्रमाण थे कि खेल के दौरान कितनी तीव्र भावनाएँ उत्पन्न हुईं। प्रसन्न भारतीय प्रशंसकों के बीच, एक दुखी पाकिस्तानी समर्थक, जिसने 3,000 डॉलर का टिकट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया था, अविश्वास में खड़ा था। उन्होंने अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, मैंने 3000 अमेरिकी डॉलर का टिकट पाने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया है। जब हमने भारत का स्कोर देखा, तो हमने नहीं सोचा था कि हम यह गेम हारने वाले हैं। हमने सोचा कि यह हासिल किया जा सकता है।

# चेन्नई हवाई अड्डे पर कर्मचारी से 8 करोड़ रुपए का सोना जब्त, 2 हिरासत में

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चेन्नई एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम अधिकारियों ने एक कर्मचारी से 8 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया। इस मामले में अधिकारियों ने एयरपोर्ट कर्मचारी और एक ट्रांजिट यात्री को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर इंडिगो एयरलाइंस के कस्टमर सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम करने वाले मोहम्मद बरकतुल्लाह को चेन्नई एयरपोर्ट पर रोका गया। उसकी तलाशी ली गई और एयरपोर्ट के प्रस्थान द्वार के पास उसके पास से रबर के पेस्ट के रूप में सोना जब्त किया गया। तलाशी में कस्टम अधिकारियों ने 24 कैरेट सोने से भरे 36 पाउच बरामद किए, जिनका वजन 13 किलोग्राम था। सोने की कीमत 8.04 करोड़ रुपये आंकी गई। अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद बरकतुल्लाह कोलंबो जाने वाले ट्रांजिट यात्रियों से ये पाउच इकट्ठा कर रहा था। मामले की आगे की जांच जारी है।

# केंद्रीय मंत्रालय छोड़ने पर सुरेश गोपी बोले-'कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबरें फैला रहे हैं'

**तमिलनाडू ( एजेंसी )।** केरल से बीजेपी सासंद सुरेश गोपी नेल रविवार को मोदी 3.0 सरकार में राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद उन्हें लेकर ऐसी अफवाहें सामने आई सामने आई हैं कि वे इस सरकार का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं और अपनी मंत्री भूमिका से मुक्त होना चाहेंगे। इन बातों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबरें फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह सरासर गलत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री बनने के कुछ ही घंटों के बाद सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें सामने आने लगी थी कि वे मंत्री पद से हटना चाहते हैं।

# विदेशी मीडिया शपथ ग्रहण पर तल्ख



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है लेकिन उनके साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्रीपद की शपथ ली। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत पड़ी ऐसे में पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं ।

पीएम मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद ने पद और गोपनीयता की शपथ ली जिस पर दुनियाभर के मीडिया संस्थानों ने इस पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। ब्रिटिश मीडिया संस्थान ने लिखा कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है, लेकिन आम चुनाव में विपक्ष का उत्थान देखा गया है। सत्ताधारी गठबंधन ने एग्जिट पोल्स में बताए गए आंकड़ों को तो नहीं छुआ, लेकिन सरकार बनाने में सफल रहे। बीबीसी ने लिखा कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है, लेकिन आम चुनाव में विपक्ष का विपक्ष की मजबूती मोदी सरकार के लिए सिरदर्द बन सकती है। ब्लूमबर्ग ने प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी मेहमानों के आगमन और 8000 लोगों की मौजूदगी में शपथ लेने का जिक्र किया है। ब्लूमबर्ग ने शपथ ग्रहण की भव्यता और इसमें फिल्म स्टार और उद्योग जगत के लोगों को आमंत्रित करने के बारे में भी लिखा। लेख में ये भी लिखा गया है कि यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता में रहने के लिए सहयोगियों के समर्थन की जरूरत है।

# भारत ने पाकिस्तान को किया 6 रन से परास्त, भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिके पाक बल्लेबाज




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 19वें मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में महामुकाबला खेला गया। जहां भारत ने पाकिस्तान को 6 रनों से शिकस्त दी। दरअसल, भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद पाकिस्तान ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने पाक बल्लेबाज पस्त होते गए। और आखिर में भारत ने पाकिस्तान के मुंह से जीत छीनकर बेहतरीन जीत दर्ज की। पाकिस्तान की शुरुआत बेहतरीन रही।

कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। लेकिन फिर बाबर आजम के रूप में पाकिस्तान को पहला झटका लगा। जसप्रीत बुमराह ने बाबर आजम को 13 रनों पर सूर्याकुमार यादव के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद रिजवान और उस्मान खान ने पाकिस्तान की पारी को संभाला, लेकिन उस्मान खान अपना विकेट बचाने में नाकामयाब रहे। उन्हें अक्षर पटेल ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह ढहते चले गए। उस्मान खान (13), फखर जमान (13) , मोहम्मद रिजवान 31 रन, इमाद वसीम 15, शादाब खान 4 रन, इफ्तिखार अहमद 5 रन बनाकर पवेलिय लौट गए। आखिर में शाहीन अफरीदी और नसीम शाह नाबाद लौटे। वहीं भारतीय पारी की बात करें तो, पहले विराट कोहली (4) और फिर रोहित शर्मा (13) जल्दी ही आउट हो गए। इसके बाद क्रीज पर ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने टीम को थोड़ी मजबूती देने की कोशिश की, लेकिन बाद में अक्षर पटेल (20) भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सूर्याकुमार यादव (7), शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या सात रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। फिर अर्शदीप सिंह ने 3 बनाए लेकिन वो रन आउट हो गए, हालांकि, सिराज सात रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। नसीम शाह और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद आमिर ने दो-दो विकेट और शाहीन अफरीदी ने एक विकेट अपने नाम किया।

## रन के मामले में रोहित शर्मा ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारत ने रोमाचंक तरीके से 6 विकेट से जीत लिया। इस मैच मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है, जिसके बाद उन्होंने विराट कोहली को पछाड़ दिया है।दरअसल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वहीं रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। बतौर भारतीय कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम है। एमएस धोनी ने 46 पारियों में 1037 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा पहुंच गए हैं। रोहित ने 19 पारियों में 778 रन बनाए हैं। जबकि विराट कोहली ने 17 पारियों में 778 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली का भी बल्ला नहीं चला। कोहली महज 3 रन बनाकर नसीम शाह के शिकार बने। वहीं मुकाबले की बात करें, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली पाकिस्तान टीम की शुरुआत तो बेहतरीन रही।

## विराट कोहली-रोहित शर्मा सस्ते में निपटे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आज टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 19वें मैच में भारत की भिड़ंत पाकिस्तान से हो रही है। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के लिए ओपनिंग करने उथरे रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्ले से फ्लॉप रहे। दोनों ही बल्लेबाज जल्दी ही आउट होकर वापस लौट गए। जहां विराट ने 4 रन बनाए तो रोहित 13 रन बनाकर टीम को मंझधार में छोड़कर पवेलियन लौट गए। दोनों के आउट होने के बाद फैंस ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की। भारत और पाकिस्तान मुकाबले में रोहित शर्मा और विराट कोहली से सभी को काफी उम्मीदें थीं। दोनों बल्लेबाज टीम को मजबूती देंगे लेकिन हुआ इसके उल्ट, दोनों ही बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। फैंस अब सोशल मीडिया पर भड़ा निकाल रहे हैं। इसके बाद सूर्याकुमार यादव (7), शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या सात रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए।

## हर्षा भोगलने ने बताया विराट कोहली ने कैंसर के मरीज की बचाई जान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के टी20 वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट कमेंटेटर हर्षा भोगले ने विराट कोहली की दयालुता के बारे में एक दिल छू लने वाली कहानी शेयर की। अपने आक्रामक खेल के लिए मशहूर कोहली का एक अलग ही रूप दिखा जब उन्होंन कैंसर से जूझ रहे एक युवा फैन को समर्थन दिया। हर्षा भोगले ने बताया कि कैसे कैंसर से पीड़ित एक सहकर्मी की बेटी को विराट कोहली द्वारा उसके लिए रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो संदेश से ताकत मिली। बीमारी से उनकी कठिन लड़ाई के दौरान ये छोटा सा प्रयास प्रेरणा का एक अहम स्त्रोत बन गया। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने क्रिकेटर ने अपने यूट्यूब चैनल पर ये कहानी शेयर की। भोगले ने कहा कि, मेरा एक सहकर्मी था, जिसकी बेटी बहुत अस्वस्थ थी और एक प्रकार का कैंसर था और विराट कोहली के करीबी पत्रकारों में से एक ने उससे उसके लिए एक छोटा सा संदेश रिकॉर्ड करने के लिए कहा कि, जिसे क्रिकेटर ने खुशी से रिकॉर्ड किया। उसके बाद, मेरा संपर्क दोस्त की बेटी से हुआ और उसने मुझसे कहा कि आप जानते हैं कि मेरे सबसे बुरे दौर में वह संदेश मेरे लिए कितान अहम था।

## पाकिस्तान 15 ओवर के बाद रणनीति से भटक गया, खिलाड़ी दबाव में आ गए-गैरी कर्स्टन



**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए। अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई। कर्स्टन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' मेरा मानना है कि इस तरह की पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मैं आपसे सहमत हूं कि कभी इस तरह के मैच को देखना मजेदार होता है जिसमें केवल बाउंड्री ही मायने नहीं रखती।'' उन्होंने कहा,''' लेकिन आपको 120 गेंद का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करना होता है। हमने पहले 15 ओवर तक ऐसा किया लेकिन उसके बाद अपनी रणनीति से भटक गए। हमने बहुत अधिक विकेट गंवा दिए।'' कर्स्टन ने कहा,'' बल्लेबाजी इकाई के रूप में आपको बहुत अधिक विकेट गंवाने से बचना चाहिए लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। जब इस तरह का मौका आता है तो खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।'' पाकिस्तान के बल्लेबाज 59 गेंद पर रन नहीं बना पाए। उसे भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए अब आगे के मैच करो या मरो जैसे बन गए हैं। भारत की 2011 की वनडे विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे कर्स्टन ने कहा,'' यह सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। '' कर्स्टन ने हालांकि अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। उन्होंने कहा, '' अगर आप 10 से 20 ओवर के बीच के रिकॉर्ड पर गौर करो तो हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे पास बहुत अच्छे तेज गेंदबाज हैं और इमाद वसीम ने भी आज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की।

### भारत के नाम दर्ज हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने रविवार को न्यूयॉर्क में टी20 वर्ल्ड कप 2024 मैच के दौरान चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना सबसे कम टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर बनाया। जहां टीम इंडिया पाकिस्तान के सामने 119 रन पर ऑलआउट हो गई। बता दें कि, मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होने के बाद, भारतीय टीम ने पावरप्ले में दोनों सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का विकेट खो दिया। ऋषभ पंत ने 31 गेंदों में 42 रन बनाए। लेकिन पाकिस्तानी गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पहली बार भारत को ऑलआउट कर दिया।

बता दें कि, भारत का इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे कम स्कोर 133 रन था, जो 2012 में बेंगलुरु में द्विपक्षीय सीरीज के दौरान आया था।

## एफसी गोवा ने भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अनुबंधित किया



**मडगांव ( एजेंसी )।** एफसी गोवा ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र के लिए भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने उनके अनुबंध की सही अवधि का खुलासा नहीं किया है लेकिन यह कई वर्ष का करार होगा। हरियाणा के 28 वर्षीय लेफ्ट बैक सांगवान ने 2017 में क्लब के साथ अपने सीनियर पेशेवर पदार्पण से पहले मिनर्वा पंजाब के साथ अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की। उन्होंने 2017-18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में मदद की। वह 2022 में दो बार के पूर्व आईएसएल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स और राउंडग्लास पंजाब के लिए खेल चुके हैं। सांगवान ने अब तक 114 पेशेवर मुकाबले खेले हैं और उनके नाम तीन गोल हैं जिनमें से दो पिछले सत्र में सीएफसी के लिए खेलते हुए किए। क्लब से अनुबंध पर उन्होंने कहा, '' मैं एफसी गोवा के साथ इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। क्लब की महत्वाकांक्षाएं और खेल शैली मेरे से मेल खाती हैं और मैं टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं

## गुरप्रीत सिंह संधू बने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सुनील छेत्री के रिटायरमेंट लेने के बाद अब भारतीय फुटबॉल टीम के नए कप्तान का ऐलान कर दिया गया है। टीम के नए कप्तान कतर के खिलाफ 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वॉलिफाइंग मैच से टीम की कमान संभालेंगे और ये मैच 11 जून यानी मंगलवार को खेला जाएगा। अब टीम की कमान गुरप्रीत सिंह संधू कौ सौंपी गई है जो भारतीय टीम के गोलकीपर भी हैं।

## पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया

**कराची ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा,'' आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।'' एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा,'' एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।'' उन्होंने कहा,'' शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। '' अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना



करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है। अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा,'' निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने। '' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा,'' कभी-कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।

## पंत और गेंदबाजों ने भारत को पाकिस्तान पर छह रन की जीत दिलाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऋषभ पंत की जुझारू पारी के बाद जसप्रीत बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के वर्षा से प्रभावित कम स्कोर वाले मैच में रविवार को यहां जोरदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को छह रन से हराया। भारत के मात्र 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम जसप्रीत बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। अक्षर पटेल (11 रन पर एक विकेट) और अर्शदीप सिंह (31 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। मोहम्मद सिराज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान (31) शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा हालांकि कोई बल्लेबाज 15 रन के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम एक समय 14 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद गेंदबाजों ने वापसी करते हुए भारत को जीत दिला दी। भारत इससे पहले नसीम शाह (21 रन पर तीन विकेट) और हारिस राउफ (21 रन पर तीन विकेट) की धारदार



गेंदबाजी के सामने 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गया। मोहम्मद आमिर ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि शाहीन शाह अफरीदी (29 रन पर एक विकेट) ने एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से पंत ने 31 गेंद में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 42 रन बनाए। उनके अलावा अक्षर पटेल (20) और कप्तान रोहित शर्मा (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। भारत ने अंतिम सात विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत की और पावर प्ले में एक विकेट पर 35 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम ने सिराज पर पारी का पहला चौका जड़ा। मोहम्मद रिजवान सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब जसप्रीत बुमराह की गेंद पर शिवम दुबे ने फाइन लेग पर उनका बेहद आसान कैच टपका दिया। मोहम्मद सिराज ने भी अगले ओवर में अपनी ही गेंद पर बाबर का कैच टपकाया। बाबर (13) ने बुमराह पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर स्लिप में सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। रिजवान ने हार्दिक पंड्या पर पारी का पहला छक्का जड़ा। उस्मान खान (13) भाग्यशाली रहे जब पंड्या ने अपनी ही गेंद पर उन्हें रन आउट करने का मौका गंवा दिया। अक्षर ने अपनी पहली ही गेंद पर उस्मान को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। फखर जमां (13) ने आते ही अक्षर पर छक्के के साथ अपने तेवर दिखाए और फिर अर्शदीप पर चौका भी मारा। पंड्या ने फखर को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराके भारत को तीसरी सफलता दिलाई। बुमराह ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी करते हुए रिजवान को पहली ही गेंद पर बोल्ड किया। उन्होंने 44 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और एक छक्का मारा। पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 37 रन की दरकार थी। अक्षर ने 16वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए जबकि पंड्या के अगले ओवर में शादाब खान (04) गेंद को हवा में लहराकर पंत को आसान कैच दे बैठे। इस ओवर में भी सिर्फ पांच रन बने। सिराज के 18वें ओवर में नौ रन बने जिससे पाकिस्तान को अंतिम दो ओवर में 21 रन की जरूरत थी। पाकिस्तान के रनों का शतक 19वें ओवर में पूरा हुआ। बुमराह ने इफ्तिखार (05) को अर्शदीप के हाथों कैच कराया और ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। अर्शदीप को अंतिम ओवर में पाकिस्तान को 18 रन बनाने से रोकना था। उन्होंने पहली ही गेंद पर इमाद (15) को पंत के हाथों कैच कराया। नसीम शाह (नाबाद 10) ने लगातार दो चौके मारे लेकिन पाकिस्तान को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले बारिश के कारण मैच 50 मिनट के विलंब से शुरू हुआ। बाबर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रोहित ने शाहीन के पहले ही ओवर में छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद फिर बारिश आ गई और आधे घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा।

# अतिवृष्टि, बाढ़ से राहत तथा बचाव संबंधी तैयारियां पूर्ण करें : कलेक्टर

## आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण संबंधी बैठक





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में आगामी वर्षा काल में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थितियों में राहत और बचाव संबंधी सभी तैयारियां मानसून के पूर्व तक सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों एवं निचले स्थानों के संभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम आरएन खरे, जितेंद्र वर्मा, राहुल सिलाढ़िया, डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, एएसपी शिवेश प्रताप सिंह सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर वर्मा ने बताया कि मौसम विभाग की फोरकास्ट के अनुसार इस वर्षाकाल में अच्छी वर्षा की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिले में बाढ़ से प्रभावित होने वाला कोई विशेष क्षेत्र चिन्हित नहीं है। फिर भी नदी-नालों के किनारे बसी आबादी, शहर के निचले इलाके एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल-जमाव से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की पहचान कर राहत एवं बचाव के पुख्ता प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ से जल-जमाव से प्रभावित होने वाले इलाकों की सूची मंगाए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कहा शिफ्ट किया जाएगा, उन स्कूल, पंचायत अन्य भवनों की सूची भी मंगाए। लोक निर्माण और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पुल-पुलिया पर पानी की स्थिति में बैरियर एवं सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय अगले 8 दिनों में नाले और नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लें, ताकि जल-जमाव नहीं हो। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को बड़े बांधों के जल स्तर पर निगाह रखने और बरसात में क्षतिग्रस्त हो सकने वाले बांधों की मरम्मत सुधार के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बस्तियों में आबादी के नजदीक के तालाबों को भी सूचीबद्ध करके रखें। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी अभी से 24 घंटे कार्यरत रखने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये हैं। कलेक्टर ने जिला होमगार्ड और तहसील स्तर पर उपलब्ध उपकरण एवं संसाधनों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सभी बचाव उपकरण को चालू हालत में रखें और स्थानीय गोताखोर या तैराकों की लिस्ट भी बनाए।

जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड सुमित मिश्र ने बताया कि जिले में बाढ़ से बचाव के पर्याप्त संसाधन मौजूद है। उन्होंने बताया कि वर्षा काल में होमगार्ड की बचाव टीम मुख्यालय में तैनात रहेगी और 8 डीआरसी टीम (चार सदस्यीय) जिले के विभिन्न थानों में आठ स्थानों पर तैनात की जायेगी। डिप्टी कलेक्टर सोनी ने बताया कि जिले में वर्ष 2016 में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी। वर्ष 2019-20 में 1085 मिलीमीटर, वर्ष 2020-21 में 902 मिलीमीटर, वर्ष 2021-22 में 886 मिलीमीटर वर्षा तथा वर्ष 2022-23 में 590.5 मिमी दर्ज हुई है।

कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के लिए सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान आवश्यक है। इसके लिए व्हाट्सएप् ग्रुप बनाये। वर्षा मापी यंत्रों का परीक्षण कर ले और एसडीएम जनपद स्तर पर नगरीय निकाय स्तर पर बैठक कर ले। बाढ़ की स्थिति होने पर राहत शिविर लगाने के स्थान का चयन से लेकर बचाव दल, राहत उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली, पानी की व्यवस्था से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल के उपयोग वाले कुओं का जल शुद्धिकरण कराये। नगरीय निकाय जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हांकित कर डिसमेंटल की कार्यवाही करे, ताकि वर्षाकाल में किसी जनहानि की संभावना शेष नहीं रहे।

# सतना रेलवे स्टेशन परिसर में 16 वर्षीय नाबालिग से गैंगरेप

## एफआईआर दर्ज, आरोपी ऑटो ड्राइवर और उसका साथी फरार



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना रेलवे स्टेशन परिसर में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की से गैंग रेप का मामला सामने आया है। आरोप ऑटो चालक और उसके साथियों पर है। घटना की शिकायत जैतवारा थाना में दर्ज की गई है। आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

वहीं, नाबालिग कौन है और वह स्टेशन परिसर में क्या करने गई थी, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक, घटना रविवार रात की है। जैतवारा पुलिस ने जीरो पर कायमी कर डायरी सतना जीआरपी को भेज दी है। जैतवारा पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि रविवार रात वह सतना रेलवे स्टेशन पर थी। उसे एक ऑटो वाला अपने साथ ले गया था। ऑटो चालक के साथ उसका एक साथी भी था। पहले ऑटो चालक ने उससे रेप किया, फिर उसके साथी ने भी दरिंदगी की। घटना के बाद रात में वह पैदल चलते हुए जैतवारा थाना क्षेत्र के एक गांव में जा पहुंची थी।

ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद पुलिस पीड़िता को थाना ले आई और महिला पुलिस अधिकारी बुला कर उसकी शिकायत दर्ज की गई। सतना जीआरपी प्रभारी का कहना है कि जैतवारा थाना से डायरी मिली है। जांच शुरू कर दी गई है। स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्दी ही आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

# लायसेंसधारियों के यू.आई.एन नंबर के शस्त्र वापस होंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये जारी निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाहियों के पूर्ण होने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग वर्मा ने आदर्श आचरण संहिता प्रभावहीन होने पर थानों में जमा लायसेंसधारियों के शस्त्र वापस करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि जिले के एनडीएएल एंड एएलआईएस पोर्टल में दर्ज शस्त्र लायसेंसधारियों की जानकारी पुलिस अधीक्षक सतना को उपलब्ध कराई गई है। पोर्टल पर दर्ज लायसेंसधारियों को यूआईएन नंबर भी जारी किये गये है। नियमानुसार केवल ऐसे ही लायसेंसधारियों को शस्त्र वापस किये जायेंगे, जिनके शस्त्र लायसेंस पर यूआईएन नंबर अंकित है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने वैध अनुज्ञप्तिधारियों के 18 अंको के अंकित यूआईएन नंबर वाले शस्त्र ही प्रदाय करने की अनुमति जारी की है। जारी आदेशानुसार शस्त्र लायसेंस के संबंध में गृह मंत्रालय भोपाल द्वारा दिनांक 8 दिसंबर 2020 को जारी निर्देशानुसार ऐसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके द्वारा दो से अधिक आग्नेयास्त्र धारण किये गये हैं। उनका तीसरा शस्त्र कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की अनुमति के बगैर वापस नहीं किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये जारी की गई अधिसूचना के फलस्वरुप आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने से सतना और मैहर जिले के लायसेंसधारियों के शस्त्र थानों में जमा कराये गये थे।

# जिसका हुआ जिला बदर वह शहर में ही घूमता रहा, अड़ी बाजी करते पकड़ा गया आरोपी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिस आदतन अपराधी को जिला मजिस्ट्रेट ने जिलाबदर किया वह जिला छोड़ना तो दूर शहर से भी बाहर नहीं गया और यहीं रंगदारी-अड़ी बाजी करता रहा। लेकिन उसका खेल ज्यादा वक्त तक नहीं चल सका और पुलिस ने उसे पकड़ कर सलाखों के पीछे धकेल दिया।

जानकारी के मुताबिक, सतना की कोलगवां थाना पुलिस ने अड़ी बाजी के आरोप में तड़ीपार अपराधी अमित सोनी उर्फ बंटा पिता राजकुमार सोनी (23) निवासी बाल्मीकि कॉलोनी सिंधी कैंप सतना को गिरफ्तार किया है। अमित सोनी उर्फबंटा के खिलाफ पिछले दिनों जिला मजिस्ट्रेट सतना अनुराग वर्मा ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर का आदेश दिया था। उसके 1 साल तक सतना और आसपास के जिलों की सीमा में प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी। लेकिन वह जिले की सीमा से तो क्या सतना शहर छोड़ कर भी नहीं गया।

कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि गत 23 मई को सुमित पाठक पिता अनिल पाठक निवासी भल्ला डेयरी फार्म के पास नई बस्ती के साथ आरोपी अमित सोनी एवं पवन सोनी ने रास्ता रोक कर मारपीट की। सुमित अपने दोस्त ओम यादव के साथ घर जा रहा था तभी अमित और पवन ने उसका रास्ता रोक लिया और रुपए मांगने लगे। सुमित ने रुपए नहीं दिए तो अमित ने उसे जमकर पीटा।

घटना की शिकायत कोलगवां थाना में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बंटा की तलाश शुरू कराई और उसे आईपीसी की धारा 294, 323, 327, 506 ,34 तथा जिला बदर उल्लंघन के लिए राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# रेलवे कॉलोनी में खंडहर में लटका मिला अज्ञात शव

## भीषण दुर्गंध आने पर लोगों ने दी जीआरपी को सूचना



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना की रेलवे कॉलोनी के एक खंडहर में अज्ञात शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से सनसनी फैल गई है। शव मिलने की सूचना जीआरपी को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक, सतना की रेलवे कॉलोनी के एक खंडहर मकान में एक शव फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। मृतक के शरीर पर टी शर्ट और पैंट है। उसका मुंह दीवार की तरफ है। रविवार की रात कॉलोनी में बदबू आने पर लोगों ने जीआरपी को सूचना दी थी लेकिन रात में कोई वहां नहीं पहुंचा।

सोमवार दोपहर जीआरपी के दो आरक्षक मौके पर पहुंचे लेकिन भीषण दुर्गंध के कारण कोई शव के पास तक पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। हालत देख कर आशंका जताई जा रही है कि शव तीन-चार दिन पुराना हो सकता है। मृतक कौन है और उसने आत्महत्या की अथवा किसी ने उसकी हत्या की है? इस बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। रेलवे कॉलोनी की जिस बिल्डिंग में शव पाया गया है वह आरआरआई बिल्डिंग के सामने सी 24 है जिसे डिस्मेंटल कर दिया गया है।

## सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर फोकस करे अधिकारी : कलेक्टर

# समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि सतना जिले में सीएम हेल्पलाइन में 16 हजार से अधिक शिकायतों का निराकरण के लिए लंबित रहना अत्यंत चिंताजनक है। अगले 10 दिनों में सभी विभागीय अधिकारी एक्टिव मोड में सीएम हेल्पलाइन पर फोकस रहे और शिकायतों का निराकरण करायें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाढ़िया, जितेंद्र वर्मा, आरएन खरे, डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, सभी जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिला की शिकायतें अलग होने के बाद भी सतना जिले में 16 हजार से अधिक शिकायतों का लंबित रहना चिंताजनक है। सभी विभाग के अधिकारी अगले एक सप्ताह अधिकतम शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग दैनिक रूप से की गई निराकरण की स्थिति की जानकारी प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप में डालेंगे, इनमें संतुष्टिपूर्ण निराकृत की संख्या भी शामिल करें। कलेक्टर ने कहा कि 16 हजार शिकायतो में पिछले माह मई की 3985 शिकायते लंबित हैं। इसी प्रकार 300 दिवस से अधिक की पिछले माह 634 शिकायते जुड़कर 3400 के करीब पहुंच गई हैं। इन्हें प्राथमिकता से निराकृत करायें। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के तहत समय बाह्य प्रकरणों की जानकारी लेकर विहित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

## जनसहयोग से की गई प्राचीन बावड़ी की सफाई

**सतना निप्र।** राज्य शासन द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं कुंआ, बावड़ी, तालाब तथा अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम पंचायत सेमरा अंतर्गत बैहर की प्राचीन बावड़ी की पंचायत के कर्मचारियों और स्थानीयजनों द्वारा श्रमदान कर सफाई की गई। बैहर की प्राचीन बावड़ियाँ जो साफ सफाई और मरम्मत के अभाव में उपयोग करने योग्य नहीं रह गई। स्थानीयजनों ने जनभागीदारी निभाते हुये बावड़ी में जमा कचरे और अनावश्यक उगे हुये पौधों को उखाड़कर बावड़ी की सफाई का कार्य किया गया।

# पल्स पोलियो जिला टास्क फोर्स की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में 23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। अभियान के पहले दिन 23 जून को बूथ पर दवा पिलाई जायेगी। पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दवा पिलाई जायेगी। इस आशय की जानकारी कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित पल्स पोलियो अभियान की जिला टास्क फोर्स की बैठक में दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी, सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुचित्रा अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह तथा समस्त बीएमओ, डीपीओ उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान मीजेल्स रुबेला के लक्षणों वाले बच्चों को भी चिन्हित किया जायेगा। कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह को निर्देशित किया है कि पल्स पोलियो अभियान में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्तायें, सहायिकायें भी टीकाकरण दलों का आवश्यक सहयोग करेंगी। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान के संचालन के लिये शहरी क्षेत्रों में 536 और ग्रामीण क्षेत्रों में 2086 टीकाकरण बूथ बनायें गये हैं। इसी प्रकार ट्रांजिट बूथों की संख्या शहरी क्षेत्र में 40 और ग्रामीण क्षेत्रों में 34 है। अभियान के दौरान शहरी क्षेत्र में 18 और ग्रामीण क्षेत्रों में 28 मोबाइल टीम टीकाकरण का कार्य करेंगगी। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले 3 लाख 56 हजार 237 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान को सफल बनाने के लिये 5658 कर्मचारियों एवं 282 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

# 11 से 18 जून तक चलेगा बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार सतना जिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा के निर्देशन में 11 से 18 जून तक सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास नीति के तहत रेस्क्यू अभियान चलाया जायेगा। सतना शहर में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्र में कार्यवाही के लिए दल भी गठित किए गए हैं। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित तत्संबंधी बैठक दी। इस मौके पर डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, प्रभारी सहायक श्रम आयुक्त हेमंत डेनियल, पीआरओ राजेश सिंह, सीडीपीओ अरुणेश तिवारी, पुनीत शर्मा सहित टास्क फोर्स के सदस्य एवं बाल संरक्षण सुधार से संबंधित एनजीओ भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे भिक्षावृत्ति में संलग्न होकर ट्रैफिक सिग्नलों के पास दुर्घटना का शिकार होते हैं तथा नशे आदि दुर्व्यवसनों में शामिल होकर समाज की मुख्य धारा से कट जाते हैं। बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त परिवारों के समग्र पुनर्वास के लिए राज्य शासन द्वारा सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं उनके समग्र पुनर्वास की नीति 2022 क्रियान्वित की गई है। सभी संभाग मुख्यालयों पर 20 मई से 9 जून तक इस संबंध में जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 76 में भीख मांगने में बालकों के नियोजन पर 5 वर्ष के कारावास और एक लाख रुपए के जुर्माने के दंड के प्रावधान किए गए हैं।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने 11 जून से 18 जून तक की अवधि में शहर के हॉटस्पॉट क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाने दो दलों का गठन भी किया है। इसमें दल क्रमांक एक सेमरिया चौक से माहेश्वरी मिष्ठान भरहुत नगर तिराहा एवं व्यंकटेश मंदिर क्षेत्र के लिए परियोजना अधिकारी पुनीत शर्मा को दल प्रभारी बनाया गया है। दल में श्रम निरीक्षक नरेश पटेल, उप निरीक्षक एसजेपीयू मनोज पांडेय, नगर निगम के राजस्व अधिकारी युसूफ खान, पर्यवेक्षक रत्ना पांडेय, रूबी ओझा, एनजीओ ग्राम सुधार के प्रतिनिधि तथा तीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। दूसरे दल में सिविल लाइन चौराहा क्षेत्र और साईं मंदिर धवारी क्षेत्र में सीडीपीओ अरुणेश तिवारी दल प्रभारी होंगे। इस दल में श्रम निरीक्षक अनुराग, नगर निगम से अजय परमार, एसजेपीयू से धर्मेंद्र त्रिपाठी, पर्यवेक्षक अमित सिंह, शिवि शर्मा, अर्चना सिंह, दुर्गा कश्यप, अनूपा यादव, कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन एनजीओ से रणभान लोधी को शामिल किया गया है।

कलेक्टर के आदेश अनुसार यह दल 11 से 18 जून तक सतत अभियान संचालित कर रेस्क्यू के दौरान पाए गए बालकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श के बाद व्यक्तिगत चाइल्ड केयर प्लान तैयार कर उनके परिवारों को परामर्श देंगे तथा विभागों से समन्वय कर पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ भी दिलाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि 26 जून को बालकों के अधिकार और उनकी समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक टीम जिले के रामपुर बघेलान और मझगवां जनपद मुख्यालय पर कैंप करेगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।